इसके बाद भगवान् ने ज्ञानमालाम्बुजवज्र नामक समाधि में प्रविष्ट होकर यह अचल वज्र चण्डसमय को अपने काय-वाक्-चित्त वज्रों से उत्पन्न किया। नमः समन्त काय-वाक् चित्त वज्राणाम्। ॐ अचल कारण हूँ हूँ मोह -------- ज्वालय त्राट् असह नमः स्वाहा।

इस महामन्त्र के उच्चारण मात्र से अपने किङ्करों सहित सभी देवता मूर्च्छित हो गए और मन्त्र काय का स्मरण करने लगे। इस क्रोध मन्त्र से महादेव आदि देवता डरकर हाथ जोड़ कर, भले ही बलवान् क्यों न हों आकृष्ट हो जाते हैं।

अथ भगवान् समयविजृम्भितवज्रं नाम समाधिं समापद्येमं सर्ववज्रधरसमयं सुम्भ महाक्रोधं स्वकायवाक्चित्तवज्रेभ्यो निश्चारयामास ।

ओं नमः समन्तकायवाक्चित्तवज्राणाम् । ओं सुम्भ निसुम्भ हूँ गृण्ह गृण्ह हूँ गृण्हापय गृण्हापय हूँ आनय हो भगवन् विद्याराज हूँ फट् ॥

अथास्मिन् भाषितमात्रे सर्वकन्या महर्धिकाः ।
मुक्तकेशा विवस्त्राङ्गा वज्रसत्त्वमनुस्मरन् ॥ २६ ॥
वज्रसत्त्वपदाक्रान्तं सर्वतथागताधिपम् ।
वज्राङ्कुशपाशेन वज्रकन्याकर्षणं परम् ॥ २७ ॥

अब भगवान् ने समय विजृम्भित वज्र नामक समाधि में प्रविष्ट होकर यह सर्ववज्रधर समय सुम्भ महाक्रोध को अपने काय-वाक्-चित्तवज्रों से उत्पादन किया। ॐ नमः समन्त काय वाक् चित्त वज्राणाम्। ॐ सुम्भ निसुम्भ हूँ गृह्ण गृह्ण हूँ गृह्णापय गृह्णापय हूँ आनय हो भगवन् विद्याराज हूँ फट् ॥ इस मन्त्र के उच्चारण करते ही विशिष्ट ऋद्धियों से सुसज्जित सभी कन्यायें वज्रसत्त्व का स्मरण करते हुए मुक्त केश और नग्न हो गए। वज्रसत्त्व पदों से आक्रान्त, सर्वतथागतों के अधिप, वज्राङ्कुश पाशों से सर्ववज्र कन्याओं का पूर्णरूप से आकर्षण किया जाता है।

अथ भगवान् महासमयतत्त्वोत्पत्तिवज्रं नाम समाधिं समापद्येदं महासमयवज्रगुह्यवाक्समयतत्त्वपदं स्वकायवाक्चित्तवज्रेभ्यो निश्चारयामास

बुद्धवज्रत्रिकायेषु वज्रसत्त्वविभावना ।
पाशवज्राङ्कुशधरैर्बुद्धाकर्षणमुत्तमम् ॥ २८ ॥

अब इसके बाद भगवान् ने महासमय तत्त्व उत्पत्ति वज्र नामक समाधि में

प्रवेश करके महासमय वज्र गुह्यवाक् समय तत्त्वपद को स्वकाय वाक्चित्त वज्रों से उत्पन्न किया। बुद्ध वज्रात्मक त्रिकायों में वज्रसत्त्वों की भावना के द्वारा पाश वज्रांकुश धारकों के माध्यम से उत्तम बुद्धाकर्षण होता है।

बुद्धवाक्काययोगेन महाचक्रप्रयोगतः ।
वज्रसत्त्वो महाराजो ध्रुवमाकृष्यते सदा ॥ २६ ॥

महाचक्र के प्रयोग पूर्वक बुद्ध-काय-वाक् योग से निश्चय ही हमेशा वज्रसत्त्व महाराज आकर्षित किए जाते हैं।

चक्रपद्ममहावज्रैः त्रिवज्राभेद्यभावनैः ।
वज्राङ्कुशप्रभेदेन सर्वमन्त्राकर्षणं ध्रुवम् ॥ ३० ॥

चक्रपद्ममहाव्रज - त्रिवज्रामेघ भावना और वज्राङ्कुश प्रभेद से निश्चय ही सर्वमन्त्रों का आकर्षण होता है।

स्वमन्त्रपुरुषं ध्यात्वा सर्ववज्रमयं शिवम् ।
कन्यां तु मानुषीं श्रेष्ठां हृद्वज्राङ्कुश योगतः ॥ ३१ ॥
वातमण्डलसंयोगे ध्रुवमाकृष्यते सदा ।
वैरोचनमहाबिम्बं भावयेच्चन्द्रमण्डलम् ॥ ३२ ॥

स्वमन्त्रपुरुष का ध्यान करके और सर्वमन्त्रमय, जो शिवरूप है साथ ही मानवीय श्रेष्ठ कन्या का हृदयअंकुश वज्रयोग से ध्यान करके आकर्षित किया जाता है। वातमण्डल के संयोग में हमेशा निश्चित ही आकृष्ट किया जाता है। वातमण्डल के संयोग में हमेशा निश्चित ही आकृष्ट किया जाता है। उसके बाद चन्द्रमण्डल में वैरोचन महाबिम्ब की भावना करें।

शचीं तत्र स्थितां चिन्तेद्वज्रामृतप्रयोगतः ।
पञ्चाशवारानुच्चार्य ध्रुवमाकृष्यते सदा ॥ ३३ ॥

वज्रामृत प्रयोग से वहाँ पर शची का चिन्तन करके पञ्चाश वारों का उच्चारण करके, निश्चय भी अभिलषित पदार्थ का आकर्षण किया जाता है।

वज्राङ्कुशमहाबिम्बं तीक्ष्णज्वालासमप्रभम् ।
वज्रमण्डलकं ध्यात्वा खकन्याकर्षणमुत्तमम् ॥ ३४ ॥

वज्राङ्कुश महाबिम्ब, जो तीक्ष्ण जवाला के तेज जैसा तेज धारण करते हैं ऐसे

वज्रमण्डल का ध्यान करके उत्तम आकाश कन्या को आकर्षण किया जा सकता है।

स्वक्रोधवज्रसमयं वज्रपातालवासिनम् ।
शूलवज्राङ्कुशपाशैर्दैत्यकन्याकर्षणमुत्तमम् ॥ ३५ ॥

स्वक्रोधवज्र समय को, जो वज्रपाताल के वासी हैं, शूल, वज्र, अंकुश और पाशों के द्वारा दैत्यों के उत्तम कन्याओं का आकर्षण किया जाता है।

गौरिकां खटिकां वापि वज्राङ्कुशयोगतः ।
चन्द्रोपरागसमये मुखे प्रक्षिप्य साधयेत् ॥ ३६ ॥

वज्र अङ्कुश के प्रयोग द्वारा चन्द्रोपराग के समय में गौरी या खटिका को मुख में प्रक्षिप्त करके सिद्ध करना चाहिए।

ब्रह्मेन्द्ररुद्रदेवानां यस्य नाम समालिखेत् ।
आगच्छन्ति भयवस्ताः वाक्यवज्रवचो यथा ॥ ३७ ॥

ब्रह्मा, रुद्र, इन्द्र आदि जिस देवता का नाम उच्चारण किया जाता है वे सब भयभीत होकर वहीं पर आ जाते हैं।

सर्वाकारवरोपेतं मञ्जुवज्रं विभावयेत्।
यमान्तकं महाक्रोधं वज्राङ्कुशं विचिन्तयेत् ॥ ३८ ॥

सर्वाकार से युक्त महाक्रोध, वज्राङ्कुश का चिन्तन करना चाहिए। उसके बाद यमान्तक, महाक्रोध, वज्राङ्कुश का चिन्तन करना चाहिए।

कल्पोद्दाहमहाचक्रं ध्यात्वा यक्षींस्तु साधयेत् ।
इत्याह च ॥
मुद्राभेदेन सर्वेषां मन्त्रभेदेन सर्वथा ।
आकर्षणपदंप्रोक्तं न चेन्नाशमवाप्नुयात्॥ ३९ ॥

कल्पोहाट महाचक्र का ध्यान करके यक्षिणी की सिद्धि की जाती है। ऐसा कहा भी है। सभी का मुद्रा और मन्त्रों के भेद से, हमेशा, आकर्षण के लिए पद कहा गया है अन्यथा नाश होता है।

वज्रसत्त्वो महाराजश्चोदनीयो मुहुर्मुहुः ।
स एव सर्वमन्त्राणां राजा परमशाश्वतः ॥ ४० ॥

वज्रसत्त्व, महाराज को बारम्बार प्रेरित करना चाहिए। वे ही सभी मन्त्रों

का राजा हैं और परम शाश्वत भी हैं।

अथ भगवान् समन्तविजृम्भितज्ञानवज्रं नाम समाधिं समापद्येमां वज्रैकजटां नाम महासर्पापराजितवाग्वज्राग्रीं स्वकायवाक्चित्तवज्रेभ्यो निश्चारयामास। ओं शूलिनि स्वाहा।

अथास्यां भाषितमात्रायां नागकन्या महर्धिकाः ।
दह्यमाना विवस्त्राङ्गा बुद्धबोधिमनुस्मरन् ॥ ४१ ॥
अनया मन्त्रविद्यया सर्वे आकृष्यन्ति पन्नगाः ।
नागकन्यां विशालाक्षीं समाकृष्योपभुंजयेत् ॥ ४२ ॥

अब फिर भगवान् ने समन्त विजृम्भित ज्ञानवज्र नामक समाधि में प्रविष्ट होकर अपने काय, वाक् चित्त वज्रों से वज्रैकजटानामक महासर्पा पराजित वाग्वज्राग्री को उत्पन्न किया। ॐ शूलिनि स्वाहा। अब इनके मन्त्र के उच्चारण = भाषण मात्र से ऋद्धियुक्त नाग कन्यायें जलने लगीं और बुद्धबोधि का स्मरण करते हुए विवस्त्र नग्न हो गयीं । इस मन्त्र विद्या से सभी सर्प आकर्षित हो जाते हैं। साथ ही विशालाक्षी नागकन्या को आकर्षित करके उसका भोग करें।

[यहाँ भगवान् = महावज्रधर हैं]

अथ भगवान् गगनसमयसम्भवज्रं नाम समाधिं समापद्येमां महाधर्मसमयवज्रभृकुटीं स्वकायवाक्चित्तवज्रेभ्यो निश्चारयामास ।

ओं भयनाशनि त्रासनि त्रासय भृकुटी तटि वेतटि वेतटि वैरटि वैरटि श्वेते श्वेतजटिनि स्वाहा ॥

अथास्यां गीतमात्रायां सर्वविद्याधरात्मजाः ।
कम्पिता भयमापेदे ज्ञानराजमनुस्मरन् ॥ ४३ ॥
विद्याधरमहाकन्यां चलत्कनककुण्डलाम् ।
आकृष्य समयाद्येन अनया मन्त्रविद्यया ॥ ४४ ॥
निरोधवज्रराजेन निष्पन्नेनाग्रचारुणा ।
त्रिवज्रज्ञानसम्भूताः क्षणात् कृष्यन्ति सर्वतः॥ ४५ ॥

इसके बाद भगवान् ने गगन समय सम्भव वज्र नामक समाधि में प्रवेश

करके अपने काय-वाक्-चित्त वज्रों से महाधर्म समय वज्र भृकुटी को उत्पन्न किया। ॐ भयनाशिनि -------------- श्वेतजटिनि स्वाहा। इस मन्त्र के गान मात्र से सर्व विद्या धरात्मज कम्पित हो गए और यमराज का स्मरण करते हुए भयभीत हो गए। विद्याधर नामक महाकन्या जो हिलते हुए कनक एवं कुण्डल धारण करती है, उसे आकर्षित करके इस मन्त्र विद्या के द्वारा उसका उपभोग करे। निरोध वज्रराज के द्वारा सुन्दर अग्रगति में निष्पन्न पदों से जो त्रिवज्रज्ञान सम्भूत हैं वे तत्क्षण ही आकर्षण कर सकते हैं ।

[यहाँ गगन समय = अमिताभ हैं]

अथवा सर्वक्रोधानां लक्षजापेन मन्त्रिणः।
सर्वकर्मकराः प्रोक्ताः विजनेषु महत्सु च ॥ ४६ ॥
आचार्यनिन्दनपरा महायानाग्रनिन्दकाः।
मारणीयाः प्रयत्नेन अथवा स्थानचालनम् ॥ ४७ ॥

अथवा सभी क्रोधमन्त्रों का लाखवार जाप करने से सभी मन्त्रधारक तथागत सभी कर्मों के कर्ता हो जाते हैं वे सब बड़े विजन स्थानों में भी काम करते हैं। आचार्यों के निन्दक, महायान के द्वेषक जो भी हैं इन्हें यत्नपूर्वक मारना चाहिए अथवा उस स्थान से हटा देना चाहिए।

अनेन बोधिं परमां मन्त्रसिद्धिञ्च प्राप्नुयात् ।
इत्याह च ॥
दशदिक्सर्वबुद्धानां कायवाक्चित्तघातनम् ॥ ४८ ॥

इससे परम बोधि और मन्त्रसिद्धि मिलती है। ऐसा कहा भी है। [सर्वक्रोध = यमान्तक] दशों दिशाओं में सभी बुद्धों के काय, वाक्, चित्त घातन कहा गया है।

भावनीयं विधानेन रिपूणां दुष्टचेतसाम् ।
रुधिरार्द्रं सलिलार्द्रं विण्मूत्रार्द्रं वापि कारयेत् ॥ ४९ ॥
प्रावृत्य लिङ्गं चाक्रम्य क्रोधराजं प्रयोजयेत् ।
शताष्टेन तु पूर्णेन ध्रुवं बुद्धोऽपि शीर्य्यते ॥ ५० ॥
इत्याह च ।

दुष्टचित्तों वाले शत्रुओं की भावना करनी चाहिए, जिससे वे सब रक्त, पानी, विष्ठा

मूत्र आदि से भीग जायेंगे। उनके समापन के लिए क्रोधराज का प्रयोग करके उनके शरीर में ही आक्रमण करना चाहिए। १०८ बार के मन्त्रप्रयोग से यहाँ तक कि बुद्ध भी वश में हो जाते हैं। ऐसा भी कहा है।

[यहाँ लिङ्ग = शरीर को कहा गया है]

सलिलार्द्रगतं वस्त्रं कृत्वा क्रोधाग्रबन्धनात् ।
लिङ्गं पादेन चाक्रम्य ध्रुवं बुद्धोऽपि नश्यति ॥ ५१ ॥
विण्मूत्रार्द्रगतं वस्त्रं पूतिगन्धजुगुप्सितम् ।
प्रावृत्य मन्त्रमावर्तेत् शुष्यते म्रियते क्षणात् ॥ ५२ ॥
भस्मोदकार्द्रगतं वस्त्रं प्रावृत्य क्रोधसङ्कुलम् ।
शताष्टवारानुच्चार्य वज्रसत्त्वोऽपि शीर्य्यते ॥ ५३ ॥
इत्याह च ।

पानी में भीगे हुए वस्त्र को लेकर क्रोध राज के मन्त्र बन्धन द्वारा उसके ऊपर आक्रमण करने पर वे बुद्ध हों तो भी वश में हो जाते हैं। विष्ठा, मूत्र आदि से भीगे हुए और भयङ्कर दुर्गन्ध से पूर्ण वस्त्र को उस व्यक्ति की भावना करके उसके चित्र या शरीर में घुमाने मात्र से वह या सूख जाता है या मर ही जाता है। पानी में भस्म को घोलकर उसी में वस्त्र खण्ड को भिगोकर क्रोधसङ्कुल वज्री की भावना करने पर और १०८ बार मन्त्रोच्चारण से वज्रसत्त्व तक भी वशवर्ती हो जाते हैं ऐसी भी कहा है।

सलिलार्द्रगतं वस्त्रं प्रावृत्य क्रुद्धचेतसा ।
नग्नो मुक्तशिखो भूत्वा विकटोत्कटसम्भ्रमः ॥ ५४ ॥
लिङ्गं पादेन चाक्रम्य खधातुमपि नाशयेत् ।
इत्याह च ।
मातृगृहे श्मशाने शून्यवेश्मनि चतुष्पथे ॥ ५५ ॥
एकलिङ्गैकवृक्षे वा अभिचारं समारभेत् ।
मानुषास्थिमयं कीलं अष्टाङ्गुलप्रमाणतः ॥ ५६ ॥
शताष्टवारानुच्चार्य अरिद्वारेषु गोपयेत् ।
बुद्धस्त्रिकायवरदो ज्ञानाज्ञानविवर्जितः ॥ ५७ ॥
पक्षाभ्यन्तरपूर्णेन भ्रश्यते म्रियतेऽपि वा ।

कपालं परिपूर्णवा प्राप्य विज्ञो विशेषतः ॥ ५८ ॥
लिखेन्मन्त्रपदं तत्र जापया वज्रभाषया ।
अरिद्वारेऽथवा ग्रामे गोप्योच्चाटयते ध्रुवम् ॥ ५९ ॥
तालपत्रेऽथवाऽन्यत्र क्रोधमन्त्रं समालिखेत् ।
अरिगृहेऽथवा द्वारे गोप्य नश्यति शुष्यति ॥ ६० ॥
इत्याह भगवान् महासमयकेतु वज्रः ।

पानी में भीगे हुए कपड़े से ढककर क्रुद्धचित्त होकर नग्न ही शिखा खोलकर विकट-उत्कट स्वरूप बनाकर व्यक्ति के शरीर या चित्र के ऊपर आक्रमण करने पर यहाँ तक की आकाश धातु भी समाप्त हो जाता है। मातृगृह, श्मशान, शून्यस्थान या चौराहे पर भी, एकान्त स्थान या वृक्ष के मूल में भी यह अभिचार आरम्भ किया जा सकता है। मनुष्यों के हड्डी से बने हुए कील जो आठ अंगुली मापन का हो के साथ उपर्युक्त मन्त्र को १०८ बार उच्चारण करके शत्रुओं के घरों में कहीं छिपाकर रख दें, उसमें त्रिकाय बुद्ध जो वरदान देने में उद्यत है, जो ज्ञान और अज्ञान दोनों रहित हैं। इस प्रकार की भावना मात्र से १५ दिनों में यह कृत्य पूर्ण हो जाता है। वह व्यक्ति मर जाता है या भ्रष्ट हो जाता है। इस प्रकार विशेष करके उसके कपाल को विशेषज्ञ प्राप्त कर सकता है। उस कपाल में मन्त्र पद को वज्र के भाषा में लिखना और जाप करना चाहिए। इससे शत्रु के द्वार में या ग्राम में निश्चय ही गोपनीयपूर्वक रखने से उच्चाटन हो जाता है। ताड़ के पत्तों में अथवा अन्य किसी भी कागज में क्रोध मन्त्र को लिखकर शत्रु के द्वार पर या अन्यत्र गोपनीय रूप से रख देने मात्र से वह शत्रु तत्काल ही समाप्त या नष्ट हो जाता है।

भगवान् महासमयकेतु वज्र ने ऐसा ही कहा है।

[यहाँ मातृगृह कहने से - ब्रह्माणी, वैष्णवी, रुद्राणी, इन्द्राणी, कौबेरी, वाराही और चामुण्डा सप्त लोकमाताओं का बोध होता है]

अथ भगवान् सर्वतथागतकायवाक्चित्तनिबन्धनवज्रं नाम समाधिं समापद्येदं सर्वत्रैधातुककायवाक्चित्तकीलनवज्रं स्वकायवाक्चित्तवज्रेभ्यो निश्चारयामास ।

॥ ओं घ घ घातय घातय सर्वदुष्टान् फट् कीलय कीलय सर्वपापान्

फट् हूँ हूँ हूँ वज्र कीलय वज्रधर आज्ञापयति कायवाक्चित्तवज्रं कीलय हूँ फट् ॥

अथास्मिन् भाषितमात्रे सर्वे वज्रा महर्धिकाः ।
मूर्च्छिता भयमापन्नाः खवज्रचित्तमनुस्मरन् ॥ ६१ ॥
मानुषास्थिमयं कीलं अथवा खदिराग्रजम् ।
अयोमयकृतं कीलं त्रिवज्रकायनाशनम् ॥ ६२ ॥
वज्रसत्त्वं समाधाय स्फुलिङ्गाकुलसुप्रभम् ।
त्रिवज्रकायपर्यन्तं बिम्बं ध्यात्वा प्रयोजयेत् ॥ ६३ ॥
वैरोचनमहामुद्रामथवा राजवज्रिणः ।
यमान्तकमहामुद्रां ध्यात्वा त्रिवज्रकीलनम् ॥ ६४ ॥
कुण्डलामृतवज्रेण दुष्टक्रूरनिकृन्तनम् ।
कर्तव्यं वज्रयोगेन बुद्धस्यापि महात्मनः ॥ ६५ ॥
हृदयं यावत् पादान्तं वज्रकीलविभावनम् ।
ऊर्ध्वन्तदेवसमयमिदं कीलविजृम्भितम् ॥ ६६ ॥
ध्यानवज्रप्रयोगेण ध्रुवं बुद्धोऽपि कील्यते ।
वज्रसत्त्वो महाराजा कीलयन् म्रियते लघु ॥ ६७ ॥

अब फिर भगवान् ने सर्वतथागत काय वाक् चित्त निबन्धन वज्र नामक समाधि में प्रविष्ट होकर अपने काय-वाक् चित्त वज्रों से इस सर्वत्रैधातुक काय-वाक्-चित्त कीलन वज्र का उत्पादन किया। ऊँ घ घ घातय --------------- कीलय हूँ फट्। भगवान् द्वारा इस मन्त्र के उच्चारण मात्र से महाऋद्धि सम्पन्न सभी वज्रगण भयभीत हो गए तथा खवज्र चित्त का स्मरण करते हुए मूर्च्छित हो गए। मनुष्य के हड्डीयुक्त अथवा खयर के वृक्ष का कील बनाकर अथवा लोहे का कील बनाकर प्रयोग करने से त्रिवज्र ही क्यों न हो नाश हो जाता है। वज्रसत्त्व का ध्यान करके जो जलते हुए अंगार जैसे हैं, और त्रिवज्रकाय तक फैले हुए हैं के बिम्ब का ध्यान कर के इस मन्त्र का प्रयोग किया जाना चाहिए। वैरोचन महामुद्रा अथवा रागमुद्रा और यमान्तकमहामुद्रा का ध्यान करके ही इसका प्रयोग करना चाहिए।

कुण्डलात्मक अमृतवज्र से ही दुष्ट क्रूर व्यक्तियों का नाश करना चाहिए।

उसमें महात्मा स्वरूप बुद्ध का चिन्तन भी करना चाहिए। हृदय से लेकर पैर के अन्तिम भाग तक वज्रकील का चिन्तन करना चाहिए। यही ऊर्ध्व देव समय है जो कीलों से संपुट हुआ है। ध्यान वज्र के प्रयोग द्वारा निश्चय ही बुद्ध का भी कीलन हो जाता है। यहाँ तक की वज्रसत्त्व महाराज भी कीलन से तत्काल ही अवस्थान्तर को प्राप्त होते हैं।

[यहाँ भगवान् महावज्रधर हैं। ऋद्धि सम्पन्न व्यक्ति = शुक्र आदि हैं। वज्र योग = अक्षोभ्य योग। बुद्ध का = वैरोचन-अमिताभ आदि का। महात्मा = यमान्तक। बुद्ध भी कीलित होते हैं = कील विधि के ज्ञाता - मारणवेत्ता भी]

अथ भगवान् महावैरोचनः कायविजृम्भितवज्रं नाम समाधिं समापद्येदं स्वकायसमयाक्षेपवज्रकीलनमन्त्रं स्वकायवाक्चित्तवज्रेभ्यो निश्चारयामास।

॥ ओं छिन्द छिन्द भिन्द भिन्द हन हन दह दह दीप्तवज्रचक्र क्षुँ फट् ॥

अन्योन्यवेष्टनाकारमङ्गुष्ठपदमीलनम् ।
वैरोचनपदाक्रान्तं वज्रकीलनिपातनम् ॥ ६८ ॥
हतमात्रे महासत्त्वे त्रिकायवज्रसम्भवः ।
उत्तिष्ठेत् समयाग्रेण न चेन्नाशपदं भजेत् ॥ ६९ ॥

अब फिर भगवान् महावैरोचन ने कायवाक्विजृम्भित नामक समाधि में प्रविष्ट होकर अपने काय-वाक्-हृदय-चित्तवज्रों से स्वकाय समयाक्षेपवज्रकीलन मन्त्र को प्रकट किया। ऊँ छिन्द छिन्द भिन्द भिन्द हन हन दह दह दीप्तवज्रचक्र क्षुं फट्। इस मन्त्र के द्वारा एक दूसरे को, दोनों अंगुष्ठों को आपस में जोड़ते हुए वैरोचन पदों से आक्रान्त करना ही वज्रकील का निपातन कहलाता है। इसके बाद महासत्त्वों के हत होते ही त्रिकायवज्र सम्भव को समयाग्र स्थान से उठना चाहिए अन्यथा अपना ही नाश हो जाता है।

अथ भगवान् लोकेश्वरो वाग्विजृम्भितं नाम समाधिं समापद्येदं वाक्समयाक्षेपकीलनमन्त्रं स्वकायवाक्चित्तवज्रेभ्यो निश्चारयामास ।

॥ ओं ह्रीः भूर्भुवः ॥

विकसितज्ञानं पद्मे वज्राङ्गुलिनिवेशनम् ।
वाक्यवज्रपदाक्रान्तं वज्रकीलनिपातनम् ॥ ७० ॥
हतमात्रे महावज्रे त्रिकायालयसम्भवः ।

उत्तिष्ठेत् हतमात्रेण न चेन्नाशपदं भजेत् ॥ ७१ ॥

अब भगवान् लोकेश्वर ने वाग्विजृम्भित नामक समाधि में प्रविष्ट होकर स्वकायवाक्‌चित्तवज्रों से इस वाक्‌समयाक्षेप कीलन मन्त्र का प्रादुर्भाव किया। ऊँ ह्रीः भूर्भुवः। पूर्णरूप से फुले हुए ज्ञानरूपी कमल में वज्राङ्गुली का प्रवेश कराना और वज्रपदाक्रान्त वाक्य को उसमें निवेश करना ही वज्रकील निपातन कहा जाता है। उसके प्रयोग से महावज्र नष्ट होते हैं उनके नष्ट होते ही त्रिकायालय सम्भव योगी को उठना चाहिए अन्यथा उनका भी नाश हो जाता है।

अथ भगवान् महावज्रधरः चित्तविजृम्भितवज्रं नाम समाधिं समापद्येदं चित्तसमयाक्षेपकीलनमन्त्रं स्वकायवाक्‌चित्तवज्रेभ्यो निश्चारयामास ।

॥ ओं वज्रराज हूँ ॥

पञ्चशूलनिवेशेन स्फुलिङ्गाकुलसाधनम् ।
चित्तवज्रपदाक्रान्तं वज्रकीलनिपातनम् ॥ ७२ ॥
हतमात्रे महावज्रे त्रिवज्रालयसम्भवः ।
उत्तिष्ठेत् हतमात्रेण च चेन्नाशपदं भजेत् ॥ ७३ ॥
सम्यग्विधानमार्गेण कायवाक्‌चित्तयोगतः ।
खधातुवज्रपर्यन्तं कीलयेन्नात्र संशयः ॥ ७४ ॥

अब भगवान् महावज्रधर ने चित्तविजृम्भित नामक समाधि में प्रविष्ट होकर अपने कायवाक्‌चित्तवज्रों से चित्त समयाक्षेपकीलन मन्त्र का प्रादुर्भाव = उत्पन्न किया। ऊँ वज्रराज हूँ। पञ्चशूलों के निवेशपूर्वक स्फुलिङ्गाकुल के साधन से चित्तवज्र को पदाक्रान्त करने पर वज्रकील का निपात हो जाता है। उस महावज्र के हनन मात्र से त्रिवज्रालय को तत्काल ही उठना चाहिए अन्यथा उन्हीं का नाश हो जाता है। अच्छे विधिविधान पूर्वक, कायवाक्‌चित्तों के योग से आकाश धातु तक फैले हुए दुष्टों का नाश करना चाहिए इसमें सन्देह नहीं है।

इत्याह भगवान् महाकीलवज्रः ।

अथ बुद्धास्त्रिकायाग्राः सत्त्वधातुहितैषिणः ।
तुष्टाः प्रामोद्यसंप्राप्ताः इदं घोषमकारयन् ॥ ७५ ॥
अहो गुह्यपदं श्रेष्ठमहो सारसमुच्चयम् ।
अहो धर्मपदं शान्तमहो वज्रविदारणम् ॥ ७६ ॥

कीलनं सर्वबुद्धानां बोधिसत्त्वा महायशाः ।
कायवाक्चित्तवज्राणां कीलनं समुदाहृतम् ॥ ७७ ॥
इदं तत् सर्वमन्त्राणां कीलनं तत्त्वसम्भवम् ।
कायवाक्चित्तवरदं मन्त्रतत्त्वसमुच्चयम् ॥ इति ॥ ७८ ॥

भगवान् महाकील वज्र ने ऐसा ही कहा है। अब यह सब होने पर त्रिकाय के अग्रभूत बुद्ध जो सत्त्व धातु के पूर्ण हित में संलग्न हैं अत्यन्त हर्षित हुए और प्रमोद पूर्वक यह घोषणा करने लगे। आश्चर्य है! यह गुह्य पद अति श्रेष्ठ है सभी सत्त्वों के कल्याण का सार है। यह धर्म पद भी आश्चर्यकारक एवं शान्त है। यही वज्रविदारण भी है। सभी बुद्धों का कीलन जो बोधिसत्त्वों, महासत्त्वों के द्वारा होता है वह काय-वाक् चित्त वज्रों का कीलन ही कहा गया है। यही वह सभी तन्त्रों में कीलन शब्द से व्याहृत हुआ है। यही काय, वाक् चित्तों का वरदान है और यही समग्र मन्त्र तत्त्वों का समुच्चय-सार संक्षेप भी है।

इति श्री सर्वतथागतकायवाक्चित्तरहस्यातिरहस्ये गुह्यसमाजे महागुह्यतन्त्रराजे कायवाक्चित्ताद्भुतमन्त्राकर्षणविजृम्भितराजो नाम समाधिपटलश्चतुर्दशोऽध्यायः ॥

चतुर्दश पटल पूर्ण हुआ।

पञ्चदशपटलः

अथ वज्रधरो राजा सर्वाकाशमहाक्षरः।
सर्वाभिषेकसर्वज्ञो वाग्वज्रं समुदीरयत् ॥ १ ॥
द्वादशाब्दिकां कन्यां तां चाण्डालस्य महात्मनः।
साधयेत् साधको नित्यं विजनेषु विशेषतः ॥ २ ॥
विण्मूत्रसमयाद्येन चतुरस्त्रं विधानतः।
मण्डलं कारयेत् तत्र वज्रमण्डलसाधनैः॥ ३ ॥
सर्वलक्षणसंशुद्धां चारुवक्त्रां सुशोभनाम्।
सर्वालङ्कारसम्पूर्णामङ्के स्थाप्य विभावयेत् ॥ ४ ॥
पञ्चमण्डलचक्रेण बुद्धबिम्बविभावनम्।
भावयेत्पूजापदं रम्यं रहस्यं मन्त्रवज्रिणाम् ॥ ५ ॥

इसके बाद सर्वाकाशमहाक्षर रूप राजा, सर्वाभिषेक सर्वज्ञ राजा वज्रधर ने वचनरूपी वज्र का उद्घाटन किया = कहा। महात्मा चाण्डाल की १२ वर्ष की कन्या को एकान्त स्थाल में ले जाकर साधना करनी चाहिए। गोबर, गोमूत्र आदि के सहयोग से चार कोनों वाला मण्डल बनाकर ही उसमें वज्र मण्डल साधनों से साधना करें। ऐसी सर्वलक्षण संशुद्ध सुन्दर मुखमण्डलवाली सुन्दरी जो समग्र अलंकारों से परिपूर्ण हो अपने गोद में स्थापित करके साधना करें। पञ्चमण्डल चक्र के द्वारा बुद्धबिम्ब का ध्यान करना चाहिए और मन्त्र वज्री का उत्तम रहस्य का ध्यान करना चाहिए।

वैरोचनमहाबिम्बं कायवाक्चित्तवज्रिणम्।
ध्यानमन्त्रप्रयोगेण भवेद्बुद्धसमप्रभः॥ ६ ॥

काय, वाक् चित्तवज्री, जो वैरोचनात्मक महाबिम्ब है उसका ध्यान, मन्त्रप्रयोग और पूजा से, वह साधक बुद्ध के समान गुणवाला हो जाता है।

नीलोत्पलदलाकारां रजकस्य महात्मनः ।
कन्यां तु साधयेन्नित्यं वज्रसत्त्वप्रयोगतः ॥ ७ ॥
तदेव विधिसंयोगं कृत्वा कर्म समारभेत् ।
एषो हि सर्वमन्त्राणां समयो दुरतिक्रमः ॥ ८ ॥
स भवेत्तत्क्षणादेव वज्रसत्त्वसमप्रभः ।
सर्वधर्मधरो राजा काममोक्षप्रसाधकः ॥ ९ ॥

महात्मा धोबी की कमल के आकार जैसी अति सुन्दरी कन्या को वज्रसत्त्वों के प्रयोग द्वारा निरन्तर साधना करें। उसे विधिपूर्वक सुशिक्षित करके कर्म का आरम्भ करें। यही सभी मन्त्रों का समय-क्षेष्ठ मन्त्र है जिसका अतिक्रम अन्य मन्त्र नहीं कर सकते। इसके साधना से तत्काल ही साधक वज्रसत्त्व के समान प्रभावशाली हो जाता है। वही धर्मधर, राजा और काममोक्षप्रसाधक भी हो जाता है।

[यहाँ रजक = अक्षोभ्य हैं। वज्रसत्त्व का प्रयोग = वज्रसत्त्व समाधि के द्वारा। वज्रसत्त्व समान = रत्नकेतु के समान। सर्वधर्मधर राजा = अमिताभ। काम मोक्ष प्रसाधक = अमोघसिद्धि].

चारुवक्त्रां विशालाक्षीं नटकन्यां सुशोभनाम् ।
साधयेत् साधको नित्यं वज्रधर्मविभावनैः ॥ १० ॥
स भवेद्वज्रधर्मात्मा दशभूमिप्रतिष्ठितः ।
वाक्समयधरो राजा सर्वाग्रः परमेश्वरः ॥ ११ ॥

वज्रधर्म विभावनापूर्वक 'नट' की कन्या जो सुन्दरी हो विशाल नेत्र वाली एवं सुन्दर मुखमण्डलवाली हो निरन्तर साधक उसकी साधना करें। इस साधना से वह साधक दशभूमियों में प्रतिष्ठित एवं वज्रधर्मात्मा, वाक्समयधर, राजा, सर्वाग्र और परमेश्वर हो जाता है।

[यहाँ 'नट' अमिताभ हैं]

ब्रह्मक्षत्रियवैश्यानां कन्यां शूद्रकुलोद्भवाम् ।
साधयेद्वज्रधर्मात्मा इदं गुह्यसमावहम् ॥ १२ ॥
अस्तमिते तु वज्रार्के साधनं तु समारभेत् ।
अरुणोद्गमवेलायां सिध्यते भावनोत्तमैः ॥ १३ ॥

ब्राह्मण, क्षत्रिय एवं वैश्यों की जो शूद्रकुल में उत्पन्न हुई हो ऐसी कन्या का वज्र धर्मात्मा साधना करें। यही गुह्य समावहन कहलाता है। सूर्य अस्त होते ही साधना प्रारंभ करनी चाहिए, इससे अरुणोदय तक उत्तम भावना युक्त योगी सिद्धि प्राप्त कर ही लेता है।

सर्वालङ्कारसम्पूर्णां गन्धपुष्पविभूषिताम् ।
ध्यात्वा तु वज्रसत्त्वाग्र्यां लघुसिद्धिमवाप्नुयात् ॥ १४ ॥
स भवेत्त्रिकायवरदो बुद्धलक्षणलक्षितः ।
योजनशतविस्तारमवभासं करोत्यसौ ॥ १५ ॥
द्वयेन्द्रिप्रयोगेण सर्वयोगान् समारभेत् ।
एषो हि सर्वसिद्धीनां समयो दुरतिक्रमः ॥ १६ ॥
विण्मूत्रसमयं भक्षेत् यदीच्छेत् सिद्धिवज्रिणः ।
एषो हि सर्वसिद्धीनां समयो दुरतिक्रमः ॥ १७ ॥
विण्मूत्रसमयाद्येन द्वयेन्द्रियप्रयोगतः ।
सिध्यतेऽनुत्तरं तत्त्वं बुद्धबोधिपदं शिवम् ॥ १८ ॥

सर्व अलंकारों से पूर्ण गन्धपुष्पादि से पूरित वज्र सत्त्वाग्री का ध्यान करके तत्काल ही सिद्धि प्राप्त होती है। वह साधक त्रिकायवाद, बुद्धलक्षण लक्षित होकर सौ योजनतक स्वयं ही प्रकाशमान हो जाता है। दो इन्द्रियों के प्रयोगपूर्वक सभी योगों का प्रारंभ करना चाहिए। यही सर्वसिद्धियों का समय है जिसे अतिक्रमित नहीं किया जा सकता। विष्ठामूत्रादि समय का भक्षण करें यदि सिद्धि वज्री की कामना है तो, यही सर्व सिद्धियों का महासमय कहलाता है जो अत्यन्त दुरतिक्रम है। विष्ठामूत्रादि समय योग द्वारा और स्त्री-पुरुष इन्द्रियों के समवायात्मक प्रयोग से अनुत्तर, बुद्धबोधि एवं शिवमय तत्त्वसिद्धि हो जाता है।

इत्याह भगवान् काममोक्षसमयवज्रः ।

अथ भगवान् महासमयवज्रक्रोधं नाम समाधिं समापद्येदं सर्वतथागतवज्रसन्त्रासनक्रोधं स्वकायवाक्चित्तवज्रेभ्यो निश्चारयामास ॥

ओँ ह्रीः ष्ट्रीः विकृतानन सर्वशत्रून्नाशय स्तम्भय हूँ हूँ फट् फट् स्वाहा ॥

विषरुधिरसंयुक्तं लवणं राजिकान्तथा ।
कण्टकाग्नौ जुहेत् क्रुद्धः कन्यानामपदैः सह ॥ १९ ॥
मध्याह्नेऽर्धरात्रे वा इदं शस्यति सर्वथा ।
त्रिकोणे तु जुहेत् प्राज्ञोऽष्टसहस्त्रं विधानतः ॥ २० ॥
दिनत्रयमिदं कार्यं कन्यानां फलहेतुतः ।
स्तम्भनं भवते तेन त्रिकल्पासंख्यमपि सदा ॥ २१ ॥
बुद्धो धर्मधरो वापि वज्रसत्त्वोऽपि वा यदि ।
अतिक्रमेद्यदि मोहात्मा तदन्तं तस्य जीवितम् ॥ २२ ॥

भगवान् काम मोक्ष समय वज्र ने यही कहा। इसके बाद अब भगवान् ने महासमय वज्रक्रोध नामक समाधि में प्रवेश करके अपने काय, वाक् और चित्त वज्रों से सर्वतथागत वज्र सन्त्रासन क्रोध को उत्पन्न किया। ॐ ह्रीः ष्ट्रीः विकृतानन सर्वशत्रून् नाशय स्तम्भय हूँ हूँ फट् फट् स्वाहा। विषरुधिरों से संयुक्त लवणप्रयुक्त कमल के गट्टों का कण्टकों में जले हुए अग्नि में कन्या के नाम पदों से हवन करें। मध्याह्न अथवा मध्यरात्रि में यह कार्य प्रशस्त माना गया है। त्रिकोणात्मक कुण्ड में प्राज्ञ योगी द्वारा विधान पूर्वक आठ हजार हवन होना चाहिए। कन्याओं के फल के लिए यह कर्म तीन दिन तक करना चाहिए। इस कर्म से स्तम्भन सिद्ध होता है असंख्य कल्प तक या कभी कभी तीन कल्प तक होता है। बुद्ध, धर्मधर या वज्रसत्त्व ही क्यों न हो यदि मोह से इसका अतिक्रमण करता है तो वह उसी समय समाप्त हो जाता है।

चतुर्दश्यां तथाष्टम्यां गृह्याङ्गारं श्मशानतः ।
अभिमन्त्र्य विधानेन दासकः स भवेत् सदा ॥ २३ ॥

चतुर्दशी में, अष्टमी में गुह्यरूप में श्मशान भूमि के अंगारों से अभिमन्त्रित करने से वह हमेशा के लिए दास भाव को प्राप्त होता है ।

रेखां ददाति ध्यात्वा तु मन्त्रज्ञो यस्य कस्यचित् ।
शत्रोः प्रतिकृतिं कृत्वा म्रियते नात्र संशयः ॥ २४ ॥

यदि मन्त्रज्ञ जिसका ध्यान करके उसे रेखा में (चित्र बनाकर) दे देता है तो अथवा शत्रु का चित्र बनाकर उसे अभिमन्त्रित करता है तो वह मर जाता है।

मुद्गरं ध्यानयोगेन पातयन् पतितं ध्रुवम् ।
हूँकारं ज्वालसंयुक्तं दीप्तवज्रं प्रभावयेत् ॥ २५ ॥

ध्यान योग से मूँग को अग्नि में या श्मशान के अग्नि में जलाकर ज्वाला युक्त हूँ कार का, जो दीप्तवज्र है का ध्यान करें।

नाशकः सर्वदुष्टानां वज्रपाणिकुलः स्मृतः ।
खटिकाङ्गारादिभिर्लेख्य पुरुषं वाऽथवा स्त्रियम् ॥ २६ ॥
कुठारं पाणौ विभावित्वा ग्रीवां छिन्नां विभावयेत् ।
बुद्धास्त्रिवज्ररत्नाग्राः सर्वसत्त्वहितैषिणः ॥ २७ ॥

सभी दुष्टों का विनाशक वज्रपाणि कुल प्रसिद्ध है। जिसे मारना हो उसे अंगार से चित्र के रूप लिखें चाहे पुरुष या स्त्री जो भी क्यों न हो। कुठार को हाथ में रखकर कटे हुए ग्रीवा की भावना करें।

अनेन हन्यते वापि म्रियते नात्र संशयः ।
कर्मवज्रमहादीप्तं स्फुलिङ्गगहनाकुलम् ॥ २८ ॥
मध्ये वज्र विभावित्वा वारिस्तम्भनमुत्तमम् ।
मण्डले लिख्यमाने तु वाताद्यं यदि जायते ॥ २९ ॥
दंष्ट्रामुद्रां ततो बद्ध्वा दुष्टसत्त्वमनुस्मरेत् ।
बुद्धैश्च बोधिसत्त्वैश्च निर्मितं वापि यद्भवेत् ॥ ३० ॥
शीर्यते दृष्टमात्रेण न चेन्नाशं समाप्नुयात् ।
बुद्धाश्च बोधिसत्त्वाश्च ये चान्ये दुष्टजन्तवः ।
त्रासितास्तेन मन्त्रेण म्रियन्ते नात्र संशयः ॥ ३१ ॥

वहाँ पर बुद्ध जो त्रिवज्र रत्नाग्र हैं और सर्वसत्त्व हितैषी हैं वे सभी दुष्टों के नाशक हैं वे ही वज्रपाणिकुल के रूप में प्रसिद्ध हैं। मण्डल के लिखने पर यदि वात आदि की उत्पत्ति होती है तो दाँतों को और मुद्राओं

का बन्धन करके दुष्ट सत्त्वों का अनुस्मरण करना चाहिए। वह बुद्ध और बोधिसत्त्व के द्वारा विनिर्मित भी हो तो भी दृष्टि मात्र से नष्ट हो जाता है। यदि नहीं होता है तो बुद्ध, बोधिसत्त्व और अन्य दुष्ट जन्तु इस मन्त्र से संत्रस्त होकर मर जाते हैं। इसमें सन्देह नहीं है।

तत्रेदं सर्वतथागतमन्त्ररहस्यहृदयम् ।
ज्ञानसत्त्वप्रयोगेण मध्ये बिम्बं प्रभावयेत् ।
चतुःस्थानेषु मन्त्रज्ञो योषितं स्थापयेत्सदा ॥ ३२ ॥
सर्वालङ्कारसम्पूर्णां सर्व्वलक्षणलक्षिताम् ।
पद्मं प्रसारितं कृत्वा इदं मन्त्रं विभावयेत् ॥ ३३ ॥ ॥ हूँ ॥

यही यहाँ पर सर्वतथागत मन्त्ररहस्य हृदय है। ज्ञान सत्त्व के प्रयोग द्वारा उसके बीच में बिम्ब की भावना करनी चाहिए। चार स्थानों में मन्त्रज्ञ स्त्री को स्थापित करें। सर्वालङ्कार सम्पूर्ण, सर्वलक्षणों से युक्त होकर कमल को प्रसारित करके यह मन्त्र उच्चारित करें ॥ हूँ ॥

पञ्चरश्मिप्रभं दीप्तं भावयेत् योगवज्रिणम् ।
कायवाक्चित्तवज्रेषु पातयन् बोधिमाप्नुयात् ॥ ३४ ॥
स भवेत्तत्क्षणादेव वैरोचनसमप्रभः ।
वज्रसत्त्वो महाराजः संबुद्धकायवज्रधृक् ॥ ३५ ॥

पञ्चरश्मियों से उद्दीप्त योगवज्र का ध्यान करें। काय, वाक् और चित्तवज्रों में गिराने से बोधि प्राप्त होगी ही। उसी क्षण वह साधक वैरोचन के समान हो जाता है। साथ ही वज्रसत्त्व, महाराज, संबुद्ध कायवज्र धारक हो जाता है। यही सर्वसत्त्वोत्पादन कारक नामक समाधि है।

सर्वसत्त्वोत्पादनकरो नाम समाधिः ।
योषितं प्राप्य विधिना चारुवक्त्रां हितैषिणीम् ।
प्रच्छन्ने प्रारभेत् पूजा गुह्यागुह्यं विभक्षयेत् ॥ ३६ ॥
स भवेत्तत्क्षणादेव मञ्जुश्रीतुल्यतेजसः ।
अन्तर्द्धानाधिपः श्रीमान् जाम्बूनदसमप्रभः ॥ ३७ ॥

विधिपूर्वक सुन्दरी और हितैषिणी स्त्री को प्राप्त करके एकान्त स्थान में पूजा का प्रारंभ करें और गुह्य और अगुह्य का संशोधन करें। उसी समय वह

साधक योगी मञ्जुश्री के तरह ही तेजस्वी हो जाता है। अन्तर्धान होने में समर्थ, श्रीमान् रत्नकेतु के समान हो जाता है।

भक्ष्यं वा अथवा विष्ठं मांसं वापि प्रवेशयेत् ।
अभिमन्त्र्य विधानेन भक्ष्यं बुद्धैर्न दृश्यते ॥ ३८ ॥

भोजन के विषय में साधक को जो भी मिले जैसे गोबर हो, माँस हो अथवा अन्य कुछ भी उसे मन्त्रशक्ति से अभिमन्त्रित करके अपने अनुरूप बनाकर विधिपूर्वक ग्रहण करना चाहिए। और इसे अपने को पण्डित मानने वाले विद्वान् नहीं समझ सकते।

इत्याह च ।
विष्ठं संगृह्य विधिना शरावसम्पुटे न्यसेत् ।
शताष्टवारान् सञ्चोद्य बुद्धसूर्यैर्न दृश्यते ॥ ३९ ॥

गोबर को इकट्ठा करके विधिपूर्वक मिट्टी के छोटे बर्तनों में रखने के बाद १०८ बार उन्हें विधिपूर्वक अभिमन्त्रित करने से वह अति उत्तम इच्छित भक्ष्य हो जाता है किन्तु इसे पण्डितमानी नहीं समझ सकते।

श्वानमांसं हयमांसं महामांसं विधानतः ।
गृह्य सम्पुटयोगेन भक्षयंस्तैर्न दृश्यते ॥ ४० ॥

कुत्ते का मांस, घोड़े का मांस और मनुष्यों के मांस को विधिपूर्वक संग्रह करके संपुट योग द्वारा अभिमन्त्रित करके भक्षण करने से वह अदृश्य शक्ति सम्पन्न हो जाता है।

विष्ठेन सह संयुक्तां गुलिकां त्रिलोहवेष्टिताम् ।
द्वयेन्द्रियप्रयोगेण सर्वबुद्धैर्न दृश्यते ॥ ४१ ॥
महामांसेन संयुक्तां गुलिकां त्रिलोहवेष्टिताम् ।
द्वयेन्द्रियप्रयोगेण सर्वबुद्धैर्न दृश्यते ॥ ४२ ॥
श्वानमांसेन संयुक्तां गुलिकां त्रिलोहवेष्टिताम् ।
द्वयेन्द्रियप्रयोगेण सर्वबुद्धैर्न दृश्यते ॥ ४३ ॥
गोमांसेन च संयुक्तां गुलिकां त्रिलोहवेष्टिताम् ।
द्वयेन्द्रियप्रयोगेण सर्वबुद्धैर्न दृश्यते ॥ ४४ ॥

गोमय के साथ उक्तमांस को तीन लोहों से वेष्टित करके दो इन्द्रियों के

प्रयोग पूर्वक भक्षण करने से वह देवताओं से भी अदृश्य हो जाता है। मनुष्य मांस को त्रिलोह वेष्टित करके दो इन्द्रियों के प्रयोग पूर्वक अभिमन्त्रित करके भक्षण करने से सिद्धदेवादि द्वारा भी अदृश्य हो जाता है। उसी प्रकार कुत्ते के मांस को त्रिलोह वेष्टित करके दो इन्द्रियों के प्रयोग पूर्वक अभिमन्त्रिक करके भक्षण करने से वही देवों से भी अदृश्य हो जाता है। गोमांस को छोटे-छोटे गोल बनाकर त्रिलोह में वेष्टित करके दो इन्द्रियों के प्रयोग पूर्वक भक्षण करने मात्र से वह देवों से भी अदृश्य हो जाता है।

[अमृत चतुष्टयों से युक्त गोली बनाकर अच्छे वृक्षों के सुन्दर पत्तों में लपेट कर (राहु के) ग्रहण काल में स्पर्श काल से उक्त महिला के योनि में रखकर जब मोक्षकाल हो तक तब रखकर उसके बाद बाहर निकाले और अन्य विधि कर उसे भक्षण करने से ही उत्तम सिद्धि की प्राप्ति होती है]

प्राणकैर्विष्ठसंभूतैर्गुलिकां कारयेद्व्रती ।
द्वयेन्द्रियप्रयोगेण सर्वबुद्धैर्न दृश्यते ॥ ४५ ॥

गोबर के छोटे गोल बनाकर दो इन्द्रियों के प्रयोग पूर्वक अभिमन्त्रित कर भक्षण करने से सिद्धों के द्वारा भी अदृश्य हो जाता है।

कर्पूरचन्दनैर्युक्तां गुलिकां त्रिलोहवेष्टिताम् ।
द्वयेन्द्रियप्रयोगेण सर्वबुद्धैर्न दृश्यते ॥ ४६ ॥

कपूर चन्दनों की गोली बनाकर पत्तों में लपेटकर दो इन्द्रियों के प्रयोग पूर्वक विधि से भक्षण करने से सिद्ध देवों द्वारा भी अदृश्य हो जाता है।

रोचनागुरुसंयुक्तां गुलिकां त्रिलोहवेष्टिताम् ।
द्वयेन्द्रियप्रयोगेण भवेद्वज्रमहाबलः ॥ ४७ ॥
कर्पूरकुङ्कुमैर्युक्तां गुलिकां त्रिलोहवेष्टिताम् ।
द्वयेन्द्रियप्रयोगेण सर्वबुद्धैर्न दृश्यते ॥ ४८ ॥

गोरोचन को गोली बनाकर पत्तों में लपेट कर दो इन्द्रिय प्रयोगपूर्वक विधिपूर्व अभिमन्त्रित करके भक्षण करने से वह महाबलशाली हो जाता है। कर्पूर-कुङ्कुम को मिलाकर उपर्युक्त विधि से भक्षण करने से वह अदृश्य शक्ति सम्पन्न हो जाता है देवता भी उसे नहीं देख सकते।

इत्याह च ।

अधिष्ठाय महामुद्रां यस्य कस्यापि वज्रिणः ।
स भवेत् तादृशः श्रीमान् महाबलपराक्रमः ॥ ४९ ॥
योजनकोटि सम्पूर्णमूद्धर्वं वज्रगतिर्भवेत् ।
त्रिसाहस्त्रगतिः श्रीमान् भवेद्बुद्धसमप्रभः ॥ ५० ॥
कामधातुस्थितां कन्यां सुरभोगां कुलव्रताम् ।
रूपधातुस्थिताञ्चापि कामयेत महाबलः ॥ ५१ ॥

ऐसा भी कहा है। महामुद्रा का निष्पादन करके जिस किसी वज्रधारी का ध्यान साधना द्वारा साधक योगी उसी वज्री के समान बल, पराक्रम एवं ऐश्वर्य सम्पन्न हो जाता है। करोड़ों योजन ऊपर की ओर उसकी गति हो जाती है, और त्रिसतयोजन होकर वह बुद्ध के समान हो जाता है। वह बलशाली साधक चाहे तो काम धातु, देवलोक या रूपधातु जहाँ की भी किसी कुलव्रता कन्या को तत्काल ही पा सकता है।

इत्याह भगवान् समयान्तर्द्धानमहावज्रः ।
अथ बुद्धाः प्रहृष्टात्माऽभ्रान्तचित्ता मनीषिणः ।
विस्मयोत्फुल्लनयना इदं घोषमुदीरयन् ॥ ५२ ॥
अहो सुविस्मयमिदमहो गुह्यमहाक्षरम् ।
अहो स्वभावसंशुद्धमहो धर्मं सुनिर्मलम् ॥ इति ॥ ५३ ॥

समयान्तर्ध्यान महावज्र ने ऐसी ही कहा है। इसके बाद अत्यन्त खुश हुए, अभ्रान्तचित्त, मनीषी जो उत्फुल्ल नेत्रों से युक्त थे ने इस प्रकार की घोषणा की। अहो यह तो आश्चर्यजनक है। यह गुह्य महाअक्षर भी आश्चर्यमय है। यह स्वभाव शुद्ध है - आश्चर्यमय है। यह धर्म अत्यन्त निर्मल है, सुविशुद्ध है। इति।

अथ वज्रधरः शास्ता स्त्रष्टा कर्त्ता महाक्षरः ।
शुद्धवज्रो महाधर्मो वज्रघोषमकारयत् ॥ ५४ ॥
सर्ववज्रप्रयोगेण तोषणं बुद्धवज्रिणाम् ।
बुद्धबोधि प्रभेदेन तोषणं वज्रचारिणाम् ॥ ५५ ॥
वज्रलोचनबिम्बाद्यैः उष्णीषाराधनं स्मृतम् ।
क्रोधानामपि तच्छ्रेष्ठं बुद्धवज्रप्रभावनम् ॥ ५६ ॥
विद्याराजाग्रधर्माणां रत्नकेतुविभावनम् ।
विद्याराज्ञीप्रयोगेषु अमितायुर्विभावनम् ॥ ५७ ॥
सर्वकर्मिकमन्त्राणां अमोघज्ञानभावनम् ।
सर्वेषामेव मन्त्राणां वज्रसत्त्वविभावनम् ॥ ५८ ॥
इत्याह च ।

इसके बाद शास्ता, स्त्रष्टा, कर्ता, महाक्षर, शुद्धवज्र, महाधर्म ने यही वज्रघोष किया – सर्ववज्र प्रयोग द्वारा बुद्ध वज्रधारियों का तोषण होता है। और बुद्ध बोधि के भेद से वज्र चारियों का तोषण किया जाता है। वज्रलोचन आदि बिम्बों से उष्णीषों की आराधना होती है। क्रोधवज्रों का भी वही श्रेष्ठ बुद्ध वज्र भाव माना गंया है। विद्याराजाग्र धर्मों का उपासना ही रत्नकेतु का ध्यान है और विद्याराज्ञी प्रयोग से अमिताभ खुश होते हैं। सभी कर्मिक मन्त्रों का अनुष्ठान ही अमोघ सिद्धि की आराधना है। अन्य सभी मन्त्रों का जाप ही वज्र सत्त्वों की भावना है। ऐसा कहा भी है।

यक्षिणीमन्त्रतन्त्राणां यमान्तकस्य कल्पनम् ।
सर्वेषां योगमन्त्राणं सस्तम्भं विप्रचोदनम् ॥ ५६ ॥
इत्याह च भगवान् महासमयवज्रः ।

यक्षिणियों के मन्त्र और तन्त्रों का अनुष्ठान ही यमान्तक की कल्पना या उपासना कहा गया है। सभी योग मन्त्रों का जप-अनुष्ठान से ही बुद्ध वज्री प्रेरित एवं वरदान देने में उद्यत हेते हैं। भगवान् महासमय वज्र ने ऐसा ही कहा भी है।

अनेन ध्यानवज्रेण मन्त्राराधनमण्डलम् ।
साधकानां हितं प्रोक्तं महासमयसाधनम् ॥ ६० ॥

इसी ध्यान वज्र के द्वारा मन्त्रों और मण्डलों की आराधना होती है। इसी से साधकों का हित सम्पन्न होता है और यही महासमय साधन भी है।

अथ वज्रधरः शास्ता सर्वधर्मेश्वरः प्रभुः ।
कायवाक्चित्तसंशुद्धो ज्ञानवज्रमुदीरयत् ॥ ६१ ॥

अब इसके बाद सर्वधर्मेश्वर प्रभु, कायवाक् चित्त संशुद्ध शास्ता ने ज्ञानवज्र का उद्घोष किया।

पर्वताग्रेषु रम्येषु विजनेषु वनेषु च ।
ध्यानवज्रं प्रकुर्वीत जपमन्त्रप्रयोगतः ॥ ६२ ॥

रमणीय पर्वतों के अग्रभागों में विजन वनों में ध्यान वज्र की साधना करनी चाहिए – जपमन्त्रों के प्रयोग पूर्वक।

वज्रसत्त्वादयः सर्वे मन्त्रध्यानप्रचोदिताः ।
कुर्वन्ति चित्रकर्माणि वाक्यवज्रवचो यथा ॥ ६३ ॥
वज्र धर्ममहाबिम्बं पद्मरामसमप्रभम् ।
कायवाक्चित्तमहावज्रं तत्स्थाने कुलकल्पनम् ॥ ६४ ॥
आवेशनविधिं सर्वं कारयन् सिद्ध्यति ध्रुवम् ।
स्तोभस्तम्भं महाबिम्बमार्यभौमं चतुर्थकम् ॥ ६५ ॥
कर्तव्यं सिद्धिवज्रेण एवं सिद्ध्यति शाश्वतम् ।
द्वादशवार्षिकां कन्यां पुरुषं द्वादशाब्दिकम् ॥ ६६ ॥
सर्वलक्षणसम्पूर्णं गृह्यावेशं प्रकल्पयेत् ॥
विधानानि तु सर्वाणि कृत्वा कर्मप्रसाधनम् ।
अन्यथा हास्यमाप्नोति त्रैधातुकेषु जन्तुषु ॥ ६७ ॥

सभी वज्रसत्त्व आदि जो मन्त्र ध्यान आदि से सुप्रेरित थे, वे निश्चय ही विचित्र कर्म करते हैं जैसा कि वाक्य वज्र ने कहा। वज्रधर्म महाबिम्ब, पद्मराग समप्रभ और काय-वाक् चित्तमहावज्र को उनके ही स्थान में कुल की कल्पना की जाती है। और वहीं पर आवेशात्मक विधि द्वारा ध्यान करने से शीघ्र सिद्धि होती है। स्तोभ, स्तम्भ, महाबिम्ब और चौथा आर्यभौम साधना है।

सिद्धिवज्र के साधना और इसके ध्यान से शाश्वत काल तक यह सिद्धि रहती है। १२ वर्ष की कन्या और १२ वर्ष के पुरुष दोनों को, जो सर्वलक्षणों से पूर्ण हो उन्हें घर के अन्दर गुप्तरूप से रखना चाहिए। उसके बाद सभी मन्त्रों के विधिपूर्वक प्रयोग द्वारा कर्म करने चाहिए। अन्यथा वह साधक हास्यपात्र हो जाता है तीनों धातुओं के प्राणियों के बीच में, इसलिए सभी कर्म यथावत् किए जाने चाहिए ।

तत्रेमानि हृदयमन्त्राक्षरपदानि

हूँ हः आः ऐः

खधातुमपि निश्चेष्टं सर्वकल्पविवर्जितम् ।

आवेशयति विधिना वज्रसत्त्वमप्रि स्वयम् ॥ ६८ ॥

हूँकारे वज्रसत्त्वात्मा हःकारे कायवज्रिणः ।

आःकारे धर्मधरो राजा इदं गुह्यपदं दृढ़म् ॥ ६९ ॥

ऐःकारं स्तोभनं प्रोक्तं भ्रमणं कम्पनं स्मृतम् ।

एषो हि सर्वस्तोभानां रहस्योऽयं प्रगीयते ॥ ७० ॥

इत्याह च ।

यहाँ वे ही हृदयमन्त्राक्षरपद हैं - हूँ । हः । आः । ऐः । यहाँ स्वयं ही वज्रसत्त्व अपने मन्त्रगत प्रभाव से समग्र आकाश धातु को भी निश्चेष्ट तथा समग्र कल्पों से विवर्जित कर देते हैं। हूँ कार में वज्रसत्त्वात्मा रहते हैं। हः कार कायवज्र का है। आः कार में धर्मवज्र हैं। यह दृढ गुह्यपद ही राजा कहे गए हैं। ऐं कार ही स्तोभन है, भ्रमण कम्पन कहा गया है। यही सभी स्तोभों का रहस्य है ऐसा कहा गया है। ऐसा कहा भी है।

[हृदय मन्त्राक्षर पद ही हृदय हैं क्योंकि हृदय से उत्पन्न होने के कारण मन्त्र ही रहस्यमय हैं।]

हस्तमात्रं द्विहस्तं वा यावद्धस्ताष्टपञ्चकम् ।

उत्तिष्ठन्ति भयत्रस्ता वज्रराजप्रचोदिताः ॥

तथैव सर्वं यथापूर्वमिदं गुह्यसमावहम् ॥ इति ॥ ७१ ॥

एक हाथ लम्बा या दो हाथ लम्बा अथवा आठ हाथ या पाँच अथवा तेरह हाथों का एक मूर्ति निर्माण करके उसकी आराधना करनी चाहिए। वह

मूर्ति अक्षोभ्य की होती है और उनकी प्रेरणा द्वारा सर्वसत्त्व भयत्रस्त होकर खड़े हो जाते हैं। और इसी प्रकार सभी यथापूर्व गुह्यसमावह कहा गया है ॥ इति।

अथ वज्रधरो राजा सर्वतथागताधिपः ।
त्रिकायपदसंघोषमिदं घोषमुदीरयत् ॥ ७२ ॥

इसके बाद भगवान् वज्रधर, राजा, सर्वतथागताधिप ने त्रिकायपदघोषात्मक यह घोषणा की।

अनेकाग्रगतेनापि इदं कार्यं दृढ़व्रतैः ।
कर्तव्यं वान्ययोगेन सर्वदुष्टविदारणम् ॥ ७३ ॥
शत्रोः प्रतिकृतिं कृत्वा चिताङ्गारतुषादिभिः ।
नग्नो मुक्तशिखो भूत्वा त्रैलोक्यमपि नाशयेत् ॥ ७४ ॥
शत्रोः प्रतिकृतिं कृत्वा श्मशानचितिभस्मना ।
सहस्राष्टशतेनापि म्रियते नात्र संशयः ॥ ७५ ॥
गोमांसहयमांसेन श्वानमांसेन चित्रिणा ।
त्रिकोणमण्डले कार्यं ध्रुवं वज्रोऽपि नश्यति ॥ ७६ ॥
महामांसेन सर्वेषां नाशनं वज्रजं स्मृतम् ।
एषो हि सर्वक्रूराणां नाशको दारुणः स्मृतः ॥ ७७ ॥
शत्रोः प्रतिकृतिं कृत्वा विण्मूत्रेणाग्रधर्मिणा ।
कण्टकाग्नौ जुहेत् क्रुद्धो ध्रुवं बुद्धोऽपि नश्यति ॥ ७८ ॥
इत्याह च ।

अनेक साधनाओं में अग्र हुए को भी दृढव्रत होकर यह कार्य करना चाहिए। अथवा अन्य किसी योग से भी करना चाहिए। सर्वदुष्टों का निवारण भी इसी से किया जाता है। शत्रुओं के चित्र चिता के अंगारों से बनाकर स्वयं शिखा खोलकर, नग्न होकर उस मन्त्र के प्रयोग से त्रैलोक्य का ही नाश कर सकता है तो उस शत्रु की बात ही क्या है। शत्रु की प्रतिकृति बनाकर वह भी चिता के भस्म द्वारा उपर्युक्त मन्त्र को एक हजार एक सौ आठ बार जाप करने पर वह मर जाता है इसमें सन्देह नहीं है। गोमांस, घोड़े का मांस और कुत्ते के मांस से भी उस शत्रु का चित्र बनाकर त्रिकोण मण्डल में रखकर उसपर मन्त्र

का प्रयोग करने से यहाँ तक की वज्र भी नष्ट हो जाता है। मनुष्य मांस से सबका नाश ही वज्रोत्पन्न कहा गया है। यही सभी क्रूर सत्त्वों का दारुण नाश कहा गया है। शत्रुओं के चित्र बनाकर वह भी विष्ठामूत्र आदि से, काँटों से जलते हुए अग्नि में उसे डाल देने से निश्चय ही स्वयं बुद्ध भी हों तो जल जाते हैं औरों की बात ही क्या है। ऐसा भी कहा है।

शत्रोः प्रतिकृतिं कृत्वा नदीस्त्रोतोगयोरपि ।
तिलमात्रमपि सर्वाङ्गं कण्टकैर्विषसम्भवैः ।
पूरयेच्चोदनपदैर्ध्रुवं बुद्धोऽपि नश्यति ॥ ७६ ॥
इत्याह च ।

शत्रु की चित्र बनाकर नदी के स्त्रोतों में समग्र शरीर में पैर से लेकर कण्ठ तक विष का प्रयोग करके मन्त्र पदों से उसे पूरित करने से शत्रु नष्ट हो जाता है। यहाँ तक कि स्वयं बुद्ध भी नष्ट हो जाते हैं। ऐसी भी कहा है।

राजिकां लवणं तैलं विषं धत्तूरकं तथा ।
मारणं सर्वबुद्धानां इदं श्रेष्ठतमं स्मृतम् ॥ ८० ॥
अङ्गारार्द्रगतं वस्त्रं प्रावृत्य क्रोधचेतसा ।
लिङ्गं पादेन चाक्रम्य राक्षसैर्गृह्यते ध्रुवम् ॥ ८१ ॥
प्रतिकृतिमस्थिचूर्णेन विषेण रुधिरेण च ।
कृत्वा तु गृह्यते शीघ्रं वज्रसत्त्वोऽपि दारुणः ॥ ८२ ॥
लिङ्गराजिकसंयुक्तं विण्मूत्रेणापि पूरितम् ।
पादाक्रान्तगतं कृत्वा महामेघेन गृह्यते ॥ ८३ ॥
इत्याह च ।

पुष्प पराग, नमक, तेल, विष और धत्तूर को मिलाकर मारण के लिए प्रयोग किया जाता है यही श्रेष्ठ मारण कहलाता है। अंगारों से वस्त्र को भिगोकर क्रोधयुक्त चित्र से अभिमन्त्रित कर उसके चित्र को पैर से कुचलने पर वह राक्षसों से निगृहीत हो जाता है। उसके चित्र को विष के चूर्ण से या रक्त से भिगो कर वह शीघ्र ही वशीभूत हो जाता है भले ही दारुण वज्र सत्त्व ही क्यों न हो। लिङ्ग = अर्थात् चित्र को पुष्प पराग एवं गोमय आदि से पूरित कर पाव से कुचलने से वह महामेघ द्वारा गृहीत हो जाता है। ऐसा कहा भी है।

तत्रेदं सर्वतथागतवज्रमहाक्रोधसमयहृदयम् ।

नमः समन्तकायवाक्चित्तवज्राणाम् । ओं हूलू हूलू तिष्ठ तिष्ठ बन्ध बन्ध हन हन दह दह गर्ज गर्ज विस्फोटय विस्फोटय सर्वविघ्नविनायकान्महागणपतिजीविताान्तकराय हूँ फट् ॥

होमं वाऽप्यंथवा ध्यानं कायवाक्चित्तभेदनम् ।
कर्तव्यं नान्यचित्तेन इदं मारणमुत्तमम् ॥ ८४ ॥

वहाँ पर यह सर्वतथागत वज्रमहाक्रोध समय हृदय है। नमः समन्तकायवाक् चित्त वज्राणाम्। ऊँ हूलू हूलू ------------------- हूँ फट् । होम अथवा ध्यान जो काय वाक् चित्तों का भेदनात्मक है एक चित्त होकर करना चाहिए यही उत्तम मारण कहा गया है।

वज्रसत्त्वं महाक्रूरं विकटोत्कटभीषणम् ।
कुठारमुद्गरहस्तं ध्यात्वा ध्यानं प्रकल्पयेत् ॥ ८५ ॥

महाक्रूर विकट, उत्कट, भीषण, कुठार एवं मुद्गरधारण करने वाले वज्रसत्त्व का ध्यान करके ही ध्यान में लगना चाहिए।

तत्रेदं महाक्रूरक्रोधसमयम् ॥

श्वधातुं परिपूर्णं तु सर्वबुद्धैः प्रभावयेत् ।
घातितं तेन दुष्टेन ध्यात्वा म्रियेत तत्क्षणात् ॥ ८६ ॥

वहाँ पर यह महाक्रूर क्रोधसमय है। [यहाँ महाक्रोध = अक्षोभ्य हैं] समग्र आकाश धातु सभी बुद्धों द्वारा परिपूर्ण है ऐसी भावना करनी चाहिए। इससे दुष्टों द्वारा घातित सत्त्व का उद्धार होगा और दुष्ट स्वयं नष्ट हो जायेगा।

[यहाँ दुष्ट - साध्य - गदा है उससे प्रहारकर के कुल्हाडी से काटकर मारा हुआ ध्यान करके अतीत अनागत कर्म करने से दुष्ट नष्ट हो जाता है]

बुद्धैश्च बोधिसत्त्वैश्च परिपूर्णं विभावयेत् ।
घातितं सर्वदुष्टेन म्रियते वज्रधरः स्वयम् ॥ ८७ ॥
चिन्तयेत्पुरतो मन्त्री रिपुं बुद्धाएकारिणम् ।
भीतं भयाकुलं चिन्तेत् म्रियते नात्र संशयः ॥ ८८ ॥
राक्षसैर्विविधैः क्रूरैः प्रचण्डैः क्रोधदारुणैः ।
त्रासितं भावयेत्तेन म्रियते वज्रधरः स्वयम् ॥ ८९ ॥

उलूकैः काकगृध्रैश्च श्रृगालैर्दीर्घतुण्डकैः ।
भक्षितं भावयंस्तेन ध्रुवं बुद्धोऽपि नश्यति ।
कृष्णसर्पं महाक्रूरं भयस्यापि भयप्रदम् ॥ ६० ॥

बुद्ध और बोधिसत्त्व से समग्र आकाश ढका हुआ है ऐसी भावना करने पर समग्र दुष्ट स्वतः नष्ट हो जाते हैं चाहे जितने भी बलशाली ही क्यों न हो। मन्त्रज्ञ साधक अपने सामने बुद्ध का अपकार करने वाले शत्रु का चिन्तन करके फिर उसे भयाकुल है ऐसी भावना करने से वह मर जाता है। उस शत्रु को भिन्न भिन्न क्रूर राक्षसों के द्वारा और भयङ्कर क्रोधित समूहों से त्रसित है ऐसी भावना से वह तत्काल ही नष्ट हो जाता है। उसे उल्लू, कौवे, गिद्ध, सियार और अन्य भयंकर जानवरों द्वारा मारा हुआ है ऐसी भावना करने से तत्काल नष्ट हो जाता है। और काला सर्प जो अत्यन्त भयङ्कर है उससे आक्रमण किया है ऐसी भावना भी करनी चाहिए।

ध्यात्वा विषाग्रसमयं ललाटे तं विशिष्यते ।
भक्षितं तेन सर्पेण ध्रुवं बुद्धोऽपि नश्यति ॥ ६१ ॥
दशदिक्सर्वसत्त्वानामीते श्चोपद्रवस्य वा ।
निपातनं रिपवे श्रेष्ठमिदं चोदनमुत्तमम् ॥ ६२ ॥
मुद्गरेण प्रचण्डेन उरसि ताडयेद्व्रती ।
नश्यति जीविताच्छक्रः वज्रधर्मवचो यथा ॥ ६३ ॥
स्फालनं कुट्टनं चिन्तेत् कुठाराद्याद्धि वज्रिणः ।
म्रियते त्रिकायवरदो वज्रसत्त्वोपि दारुणः ॥ ६४ ॥
रक्षाद्यानि तु मन्त्राणि देवतानि च कीलयेत् ।
एषो हि मारणाग्राग्रः समयो दुरतिक्रमः ॥ ६५ ॥
स्कन्धवज्रेण यावन्तः सत्त्वास्तिष्ठन्तिमण्डले ।
द्योतनात्मगतां चिन्तेदेवं तुष्यन्ति नान्यथा ॥ ६६ ॥
बुद्धो वज्रधरः शास्ता वज्रधर्मोऽपि चक्रिणः ।
म्रियते व्याड़योगेन चित्तवज्रवचो यथा ॥ ६७ ॥

भयङ्कर विष से ग्रस्त और ललाट प्रदेश में विशेष करके सर्प के द्वारा डसा जाता हुआ शत्रु का चिन्तन करने वे वह तत्काल नष्ट हो जाता है। दशों

दिशाओं में सभी प्राणियों के द्वारा विघ्न और उपद्रव है ऐसी भावना से शत्रु का नाश सहज रूप से हो जाता है। व्रतधारी भयङ्कर मुद्‌गर से उस शत्रु के छाति में तांडव करे इससे वह तत्काल ही नष्ट हो जाता है। जैसा कि वज्रधर्म ने भी कहा है। पटकना, पिटना, और कुठार से उसे काट डालना ऐसी भावना से वह तत्काल ही नष्ट हो जाता है। जितने भी रक्षमन्त्र हैं और अन्य देवताओं के आराधना विधि है इन सभी के प्रयोग से शत्रुओं का कीलन होता है यही मारण प्रयोगों में उत्तम मारण प्रयोग है। इसका अतिक्रमण नहीं हो सकता। इस महामण्डल में जितने भी सत्त्व हैं उनके कल्याण के लिए स्कन्धवज्र का ध्यान करना चाहिए। इससे समग्र तथागत दृष्ट होते हैं। जितने भी समर्थ शाली बुद्ध, वज्रधर आदि है, जो, चक्रधारी भी हैं वे भी इस योग के प्रयोग से वशवर्ती हो जाते हैं इस व्याड योग से, जैसा कि चित्तवज्र ने कहा भी है।

इत्याह भगवान् महाक्रूरसमयवज्रक्रोधः ।
अथ वज्रधरो राजा सर्वाकाशो महामुनिः ॥
सर्वाभिषेकसम्बुद्धो ज्ञानवज्रमुदीरयत् ॥ ९८ ॥
अहो स्वभावसंशुद्धं वज्रयानमनुत्तमम् ॥
अनुत्पन्नेषु धर्मेषु उत्पत्तिः कथिता जिनैः ॥ ९९ ॥

भगवान् महाक्रूर समय वज्र क्रोध ने ऐसा कहा है। इसके बाद भगवान् वज्रधर, राजा, सर्वाकाश, महामुनि, सर्वाभिषेकसम्बुद्ध ने ज्ञान वज्र का उदान किया। आश्चर्य है यह स्वभाव से शुद्ध, अनुत्तर वज्रयान क्योंकि इसमें अनुत्पन्न धर्मों में बुद्धों ने उत्पत्ति कहा है।

तत्रेदं क्षुद्रकर्मरहस्यम् ।
खटिकाङ्गारेण लिखेत्सर्पं विकृतं तु भयप्रदम् ।
कृष्णज्वालाकुलं क्रुद्धं द्विजिह्वं दंष्ट्रमालिनम् ॥ १०० ॥

यहाँ पर यही क्षुद्र कर्मों का रहस्य है। श्मशान के अंगार से भयप्रद विकृत सर्प का चित्र लिखे। वह भी काले ज्वालाओं से घिरा हुआ हो, क्रुद्ध, दो जीभ वाला तथा द्रष्टाओं से युक्त होना चाहिए।

तत्रेदं क्रूरनागचोदनहृदयम्। ॥ खँ ॥

वक्त्रमध्यगतं चिन्तेद्विषं हालाहलप्रभम् ।
तत्रेदं सर्वविषाकर्षणहृदयम् ॥ ह्रीः ॥
त्रैधातुकस्थितं सर्वं विषं विविधसम्भवम् ।
हृतं तु भावयेत्तेन पतमानं विचिन्तयेत् ॥ १०१ ॥
स भवेत्तत्क्षणादेव विषोदधिसुदारुणः ।
स्पृष्टमात्रे जगत्सर्वं नाशयेन्नात्र संशयः ॥ १०२ ॥
इत्याह च ।

यही क्रूर नाग को प्रेरित करने का मन्त्र है। ॥ खँ ॥ उस सर्प के मुख में भयंकर हालाहल के प्रभाव से युक्त है ऐसी भावना करनी चाहिए। यहाँ पर यही सर्वविषाकर्षण हृदय है। ॥ ह्रीः ॥ तीनों धातुओं में स्थित जितना भी विष है वह सभी विष यहाँ पर लाया हुआ है और यहाँ गिर रहा है ऐसी भावना करनी चाहिए। वह योगी उसी समय महान् विष का समुद्र जैसा हो जाता है उसके स्पर्श करने मात्र से जो चाहे वह नष्ट हो जाता है। ऐसा कहा भी है।

मण्डूकवृश्चिकादीनि सर्पाणि विविधानि च ।
कर्तव्यानि विधानेन यागोत्पत्तिकलक्षणैः ॥ १०३ ॥

मण्डूक, वृश्चिक, भयङ्कर सर्प आदि को विधिपूर्वक याग द्वारा उत्पत्ति कराना चाहिए ।

तत्रेदं सर्वविषमहासंक्रमणहृदयम् । ॥ ओं ॥
दुष्टवज्रविषादीनि ये चान्ये विषदारुणाः ।
आकृष्य ज्ञानचक्रेण प्रेरणं खवज्रमण्डले ॥ १०४ ॥

यहाँ पर सर्वविषमहासंक्रमण हृदय यही है। ॥ ओं ॥ जितने भी दुष्टवज्र विषादि हैं, और जो भी भयङ्कर विष हैं, उन्हें ज्ञान चक्र से आकृष्ट करके प्रेरित करना चाहिए – खवज्रमण्डल में ।

इत्याह भगवान् महाविषसमयवज्रः ।
तत्रेदं विषचिकित्सनवज्रहृदयम् । ॥ हूँ ॥
हृदये तं महावज्रं सितवर्णं विचिन्तयेत् ।
रश्मिमेघं महादीप्तं चन्द्रांशुमिव निर्मलम् ॥ १०५ ॥
चतुः स्थानप्रयोगेण संहरन् तत्र तिष्ठते ।
द्वित्रिवारान् प्रभावित्वा छेदयन्तं विचिन्तयेत् ॥ १०६ ॥

ऐसा महाविष समयवज्र भगवान् ने कहा है। यहाँ पर यही विषचिकित्सनवज्र हृदय है। ॥ हूँ ॥ हृदय में उस महावज्र रूप श्वेतवर्णयुक्त, महामेघ, महादीप्त, चन्द्रकिरणों के तरह निर्मल वज्रधर की भावना करें। चार स्थानों में प्रयोगपूर्वक संहार करने से और दो तीन बार भावना करके उसे (शत्रु को) काटते हुए का चिन्तन करें।

खधातुं विषसम्पूर्णं निर्विषं कुरुते क्षणात् ।
इत्याह च ।
तत्रेदं सर्वविषाकर्षणहृदयम् । ॥ आः ॥
गण्डपिटकलूताश्च ये चान्ये व्याधयः स्मृताः ।
नश्यन्ति ध्यानमात्रेण वज्रपाणिवचो यथा ॥ १०७ ॥
अष्टपत्रं महाप शशाङ्कमिव निर्मलम् ।
तत्र मध्यगतं चिन्तेत्पञ्चरश्मिप्रपूरितम् ॥ १०८ ॥
संहरेत्कृष्णसमयं चोदने सितसन्निभम् ।
इदं ध्यानपदं गुह्यं रहस्यं ज्ञाननिर्मलम् ॥ इति ॥ १०९ ॥

समग्र आकाशधातु जो विषपूर्ण है वह तत्काल ही निर्विष हो जाता है। ऐसा कहा भी है। वहाँ पर यह सर्वविषाकर्षण हृदय है। ॥ आः ॥ गण्ड, पीटक-फोड़े-फुन्सियाँ, खुजली आदि जितने भी व्याधियाँ हैं ध्यान मात्र से वे सब नष्ट हो जाते हैं जैसा वज्रपाणि ने कहा है। आठ पत्रों वाला महान् कमल जो चन्द्रमा के तरह निर्मल है, उसके बीच में स्थित तेजों से पूरित वज्रतत्त्व का ध्यान करना चाहिए। कृष्ण पक्ष में उसका संहार किया जाना चाहिए। जो शुक्ल रश्मियों से प्रभावित हो। यह ध्यान पद अति गुह्य है, रहस्यमय है और ज्ञाननिर्मल भी है। इति

तत्रेमानि बाह्याध्यात्मिकव्याधिचिकित्सावज्रहृदयमन्त्राक्षरपदानि ।
॥ जिनजिक् ॥ आरोलिक् । वज्रधृक् ॥
यदेवाक्षरपदमिष्टं भवेद्भक्तिगुणावहम् ।
भावयेत्तादृशं व्याधिं विश्ववज्रप्रचोदनैः ॥ ११० ॥
वानराकारसमयमथवा श्वानसम्भवम् ।
स्वकायवाक्चित्तपदे निश्चरन्तं विचिन्तयेत् ॥ १११ ॥
चक्रं वाऽप्यथवा वज्रं ध्यात्वा वज्रपदे स्थितः ।
कायवाक्चित्तसमयं चूर्णितं तेन भावयेत् ॥ ११२ ॥
ततः प्रभृति संबुद्धा बोधिसत्त्वा महायशाः ।
अधिष्ठानपदं रम्यं ददन्ति हृष्टचक्षुषः ॥ ११३ ॥

यहाँ पर निम्नलिखित वे बाह्याध्यात्मिक-व्याधि चिकित्सा वज्रहृदयमन्त्राक्षर पद हैं। ॥ जिनजिक् । आरोलिक् । वज्रधृक् ॥ जो भी अक्षरपद अभिष्ट है उसे भक्ति के गुण से संयुक्त करके उसी प्रकार के कर्म के लिए ध्यान करे जिसमें विश्ववज्र की भी प्रेरणा रहती ही है। वानरों के आकार अथवा कुत्तों के आकार से समुत्पन्न चित्रों के अपने कायवाक्चित्त पदों में रहते हुए का चिन्तन करे। वज्रपद में स्थित होकर चक्र अथवा वज्रपद का ध्यान करते हुए काय वाक् चित्त समय को उससे चूर्णित है ऐसी भावना करें। उस समय से संबुद्ध, बोधिसत्त्व महाशय आदि अत्यन्त उत्तम अधिष्ठान पद देते हैं उस साधको अत्यन्त खुश होकर।

इत्याह च ।
स्वकायचित्तवज्रेषु बुद्धमेघान् विचिन्तयेत् ।
वज्ररागमहामेघं भावयेद्व्याधिमोक्षणम् ॥ इति ॥ ११४ ॥
दशदिक्सर्वबुद्धानां वज्रसत्त्वसुधीमताम् ।
क्रुद्धो भावयतस्तस्य मारणं पारमार्थिकम् ॥ ११५ ॥
अनेन ध्यानमात्रेण कर्मजं वापि यत्स्मृतम् ।
शताष्टजपयोगेन सप्तदिनैर्विनश्यति ॥ ११६ ॥
अथवा स्वमन्त्रराजेन वज्रध्यानविधिः स्मृतः ।
एषो हि सर्वव्याधीनां समयो दुरतिक्रमः ॥ ११७ ॥

अथ वज्रधरो राजा ज्ञानाङ्कुशमहाद्युतिः ।
काममोक्षमहावज्र इदं वचनमब्रवीत् ॥ ११८ ॥
स्वप्नोपमेषु धर्मेषु अनुत्पादस्वभाविषु ।
स्वभावशुद्धतत्त्वेषु भ्रान्तिवज्रः प्रगीयते ॥ ११९ ॥
पश्यन्ति साधका नित्यं जपध्यानार्थतत्पराः ।
बुद्धांश्च बोधिसत्त्वांश्च द्विधाभेदेन दर्शनम् ॥ १२० ॥

अपने काय चित्त वज्रों में बुद्ध मेघों का चिन्तन करें। व्याधि मोक्षण के लिए वज्रराग महामेघ का ध्यान करना चाहिए। दशों दिशाओं में अवस्थित सभी बुद्धों का और जो भी वज्रसत्त्व श्रीमान् हैं उन सभी का क्रुद्ध होकर ध्यान करने से पारमार्थिक मारण सिद्ध हो जाता है। इस ध्यान मात्र से जो कुछ कर्म से समुत्पन्न पदार्थ वासना फल है उसे १०८ जाप के द्वारा समाप्त किया जा सकता है। अथवा स्वमन्त्र राज द्वारा वज्र ध्यान विधि के द्वारा जाप करने से सारी इच्छा पूर्ण होती है। यही सभी व्याधियों का दुरतिक्रम समय है। इसके बाद वज्रधर राजा, जो ज्ञानाङ्कुश महासमाधि द्युति से युक्त हैं, और काम मोक्ष महावज्र भी हैं, उन्होंने यह वचन कहा। स्वप्नोपमधर्मों में, जो अनुत्पाद स्वभाव से संयुक्त हैं, स्वभाव शुद्धतत्त्वों में वे ही भ्रान्तिवज्र के नाम से प्रसिद्ध हैं। जप और ध्यान समाधि में संलग्न साधक नित्य ही बुद्ध, बोधिसत्त्व-महासत्त्व आदि दो भेदों से युक्त होकर दर्शन प्राप्त करते रहते हैं ।

तत्रेदं महास्वप्नसमयपदम् ।
बोधिज्ञानाग्रसम्प्राप्तं पश्यति ज्ञानसुप्रभम् ।
बुद्धसम्भोगकायं वा आत्मानं लघु पश्यति ॥ १२१ ॥
त्रैधातुकमहासत्त्वैः पूज्यमानं स पश्यति ।
बुद्धैश्च बोधिसत्त्वैश्च पञ्चकामगुणैरपि ॥
पूजितं पश्यते बिम्बं महाज्ञानसमप्रभम् ॥ १२२ ॥
वज्रसत्त्वं महाबिम्बं वज्रधर्म महाशयम् ।
स्वबिम्बं पश्यते स्वप्ने गुह्यवज्रमहायशाः ॥ १२३ ॥
प्रणमन्ति महाबुद्धा बोधिसत्त्वाश्च वज्रिणः ।
द्रक्ष्यते ईदृशं स्वप्नं कायवाक्चित्तसिद्धिदम् ॥ १२४ ॥

सर्वालङ्कारसम्पूर्णां सुरकन्यां मनोरमाम् ।
दारकं दारिकां पश्यन् स सिद्धिमधिगच्छति ॥ १२५ ॥
दशदिक्सर्वबुद्धानां क्षेत्रस्थं पश्यति ध्रुवम् ।
ददन्ति हृष्टचित्तात्मा धर्मगञ्जं मनोरमम् ॥ १२६ ॥
धर्मचक्रगतं कायं सर्वबुद्धैः परिवृतम् ।
पश्यते योगसमये ध्यानवज्रप्रतिष्ठितः ॥ १२७ ॥
आरामोद्यानविविधान् सुरकन्याद्यलङ्कृतान् ।
पश्यति ध्यानसमये सर्वबुद्धैरधिष्ठितान् ॥ १२८ ॥
बुद्धैश्च बोधिसत्त्वैश्च अभिषिक्तं स पश्यति ।
विद्याधरमहाराजैः पूज्यमानं स पश्यति ॥ १२९ ॥
इत्याह च ॥

यहाँ पर यह महास्वप्न समय पद निम्नलिखित है। वह साधक स्वप्न में बोधिज्ञानाग्रसम्प्राप्ति को, जो ज्ञान सुप्रभ है तथा बुद्ध सम्भोग काय को तत्काल ही आत्मा को भी देखता है। स्वप्न में त्रैधातुक महासत्त्वों से अपने को पूजित होता हुआ देखता है और बुद्ध-बोधिसत्त्व तथा पञ्चकामगुणों से पूजित होता है और महाज्ञानसमान प्रभा युक्त बिम्ब का भी साक्षात्कार करता है। वज्रसत्त्व, महाबिम्ब, वज्रधर्म, महाशय और स्वबिम्ब को भी स्वयं गुह्यवज्र महाशय होकर देखता है। और गुह्यवज्र महाशय, महाबुद्ध, बोधिसत्त्व, वज्री, आदि इसे प्रणाम भी करते हैं साथ ही इस प्रकार का स्वप्न तभी देखे जाते हैं जब काय वाक् और चित्त सिद्ध होते हैं। सर्व अलंकारों से पूर्ण मनोरम, सर्वालंकार पूर्ण सुरकन्या को दारक = बालक और दारिका बालिका के रूप में देखते हुए वह सिद्धि प्राप्त करता है। दोनों दिशाओं में सर्वबुद्धों के क्षेत्रों को निश्चय ही देखता है। और वे दृष्ट चित्त महात्मा उसे मनोरम धर्म धातु प्रदान करते हैं। वह धर्मचक्र में स्थित अपने को देखता है जिसे बुद्धों ने घेरा हुआ है। और योग के समय में ध्यानवज्र में प्रतिष्ठित होकर देखता है। ध्यान में वह बड़े अच्छे वगैंचे, विभिन्न अलंकारों से अलंकृत सुरकन्याओं को सर्वबुद्धों से अधिष्ठित अवस्था में देखता है। बुद्धों और बोधिसत्त्वों से अपने को अभिषिक्त वह देखता है और विद्याधर महाराजाओं से अपने आपको पूजित भी देखता है।

विविधान् वज्रसम्भूतान् स्वप्नान् पश्यति निर्मलान् ।
सिध्यतेऽनुत्तरं तस्य कायवाक्चित्तवज्रजम् ॥ १३० ॥
चण्डालश्वानयोगादीन् पश्यति यदि वज्रधीः ।
धर्म अवाच्य हैं। अभाव नाम रूप स्वभाव युक्त हैं। सर्वधर्मों के समय ही व्यापक पद्मान्तकृत हैं। प्रकृति से ही शान्त भाव के कारण धर्म निर्विकल्पात्मक हैं। सर्ववज्रों के समय को ही विघ्नान्तकृत् कहा गया है। अविनाश, अविज्ञेय, अवाच्य, अविकल्प ज्ञान ही बुद्ध बोधि है इसी को जानकर वह ज्ञान प्राप्त करता है। मोहोपमात्र से मोह, क्षयमोह ही यमान्तकृत् है। उसी से कायान्तकृत् और ज्ञेयान्तकृत् होते हैं। दोषों के उपभोग से क्षयदोष-प्रज्ञान्तकृत् हैं। उसी से वागन्तकृत् एवं समापत्ति अन्तकृत् होते हैं। चित्तान्तकृत् एवं क्लेशान्तकृत् भी इसी से हुए हैं। राग के उपभोग से क्षयराग ही पद्मान्त कृत् हैं।

क्लेशवज्रावृते शुद्धे सर्वं कर्म विशुध्यते।
सर्वकर्मविशुद्धत्वात् विशुद्धं कर्मजं फलम् ॥ ६१ ॥
ग्रहणं रागणं चैव आकारनिश्चलं तथा।
हेतुत्वञ्च फलत्वञ्च षड्भिश्चित्तसमुद्भवः ॥ ६२ ॥
टक्किराजादयः षट्काः क्रोधेन्द्रा इति विश्रुताः।
भूतभौतिकविख्याता विद्याराजेति विश्रुताः ॥ ६३ ॥

सभी क्लेशों का नाश, सर्व कर्मों का क्षय और सर्वआवरणों का क्षय ही ज्ञान है वही ज्ञान विभ्रान्तकृत् है। क्लेशवज्रों से आवृत कर्मों के शुद्ध होने पर सब कुछ शुद्ध हो जाता है। सर्वकर्मों के शुद्ध हो जाने पर कर्मज फल भी शुद्ध ही कहा जाता है। ग्रहण, रागण, आकार, निश्चलता, हेतु और फल इन छहों से चित्त का उद्भव होता है। टक्किराज आदि छह क्रोधेन्द्रों के रूप में प्रसिद्ध हैं। भूत-भौतिक के रूप में विख्यात विद्याराज हैं।

रूपवज्रादयः षट्का वज्राधिपतयः स्मृताः।
समयवज्रादयः षट्काः पृथिव्यादिषुः पञ्चकाः ॥ ६४ ॥
चित्तवाक्कायवज्रैस्तु सम्भवन्ति महात्मनः।
प्राज्ञोपायोद्भवं स्कन्धधात्वायतनविग्रहम् ॥ ६५ ॥
निश्चित्य योगतो मन्त्रीं निष्पन्नक्रमयोगतः ।
सर्वशुद्ध्यधिमोक्षेण सर्वसन्त्रासवर्जितः ॥ ६६ ॥
सिंहवद्विचरेन्मन्त्री निर्विशङ्केन चेतसा।
नाकार्य्यं विद्यते ह्यत्र नाभक्ष्यं विद्यते तथा॥ ६७ ॥
नावाच्यं विद्यते किन्ञ्चिनाचिन्त्यं विद्यते सदा ॥
असमाहितयोगेन नित्यमेव समाहितः ॥ ६८ ॥
सर्वचित्तेषु या चर्या समन्तचर्येति कथ्यते ॥
प्रतीत्योत्पद्यते यद्यदिन्द्रियैर्विषयैर्मनः ॥ ६९ ॥

रूप वज्र आदि छह वज्राधिपति हैं। छह समवज्र आदि और पृथिवी आदि पाँच चित्तवाक् काय वज्रों से उत्पन्न होते हैं, वे महात्मा कहलाते हैं। प्रज्ञा उपायों से समुद्भूत स्कन्ध-धातु आयतन का विस्तार है। निष्पन्न क्रमों से निश्चित होकर योग द्वारा सर्वशुद्धि अधिमोक्ष से सर्वसन्यास रहित हो जाता है

साधक। बिना किसी डर के सिंह के तरह ही साधक को विचरण करना चाहिए। उसके लिए अकार्य और अभक्ष कुछ भी नहीं है। अवा%य कुछ भी नहीं है। अचिन्त्य भी उसके लिए कुछ नहीं है। असमाहित योग द्वारा सदा वह समाहित होता है। सभी चित्तों में जो चर्या है वही समन्त चर्या है। इन्द्रियों और विषयों से प्रतीत होकर ही मन समुत्पन्न होता है।

तन्मनो मननं ख्यातं कारकत्राणनार्थतः ॥
लोकाचारविनिर्मुक्तं यदुक्तं समयसम्बरम् ॥ ७० ॥
पालनं सर्व वज्रैस्तु मन्त्रचर्येति कथ्यते ॥
स्वकस्वकस्वभावन्तु विचार्य मनसा हृदि ॥ ७१ ॥
जपं तु सृष्टिसंहारं मन्त्रमुच्चार्य भेदतः ॥
विश्ववज्रात्मकान् बुद्धान् ज्ञानबीजेन संहरेत् ॥ ७२ ॥
बोधिनैरात्म्यबीजेन निरात्मां भावयेद्व्रती ॥
संस्फरेद् विश्ववद्विश्वं त्र्यध्वबीजेन तं जपेत् ॥ ७३ ॥
जपं जल्पनमाख्यातं सर्ववाङ्मन्त्रमुच्यते ॥
मन्त्रं मन्त्रमिति प्रोक्तं तत्त्वं चोदनभाषणम् ॥ ७४ ॥
यथैव हृद्यधिष्ठानं समाधिं च तथैव च।
तेषां मूर्ध्न्यभिषेकं च तथा पूजां च सर्वतः ॥ ७५ ॥
विद्याया विद्यते योगं यस्य वज्रधरस्य च।
तस्य भोगाश्चतुर्ज्ञेयाः स्वाधिष्ठानादिभिस्तथा ॥ ७६ ॥
वीराणामेकवक्त्राणामेकैकं मूर्ध्नि सेचनम्।
हृन्मुद्रा मन्त्रमार्गेण मुद्र्यते स्वकुलक्रमैः ॥ ७७ ॥
फलेन हेतुमामुद्र्य फलमामुद्र्य हेतुना।
विभाव्यमन्यथा सिद्धिः कल्पकोटिर्न जायते ॥ ७८ ॥
चतुर्भोगसमायुक्तं विद्यापुरुषवज्रिणम् ।
कायवाक्चित्तभेदेन त्रिकोणेषु विभावयेत् ॥ ७९ ॥
दशारं चक्रमापीतं तत्र मध्ये विभावयेत्।
सर्वारेषु दशक्रोधान् दशज्ञानात्मकोदयान् ॥ ८० ॥

भावयेन्निरोधचक्रेण निष्पन्नेनाग्रचारुणा।
वज्रज्वालां स्फरेन्मेघैर्भ्रमन्तं निश्चलोपमम् ॥ ८१ ॥
इति धर्मोदयज्ञानं प्रकृत्या निर्मलं शिवम् ।
भावितेन क्षणेनैव बुद्धचक्षुः प्रजायते ॥ ८२ ॥
क्रमद्वयमुपाश्रित्य वज्रिणां तत्र देशना ।
क्रममौत्पत्तिकं चैव क्रममौत्पन्नकं तथा ॥ ८३ ॥
साधनं प्रतिपत्तिश्च समयसम्बरं तथा ।
सर्वं तद्विस्तरं पूर्वं भिद्यते क्रमभेदतः ॥ ८४ ॥
रूपशब्दादयः कामाः सुखदुःखोभयात्मकाः।
जनयन्ति हृदये नित्यं रागद्वेषतमोदयम् ॥ ८५ ॥
रागे रागमयं वज्रं वज्रवद्रत्नसम्भवम्।
रत्नवज्जायते समयं कामास्ते समयोपमाः ॥ ८६ ॥

कारक और त्राण होने से ही वह मन मनन कहलाता है। लोकाचार से विनिर्मुक्त जो कहा है वही समय सम्बर है। सभी वज्रों से जिसका पालन होता है वही मन्त्रचर्या है। अपने अपने कर्मों का हृदय धारण करके जप करना ही सृष्टि और संहार है जो मन्त्रों के भेद से भिन्न होता है। विश्व वज्रात्मक बुद्धों को ज्ञान बीज द्वारा हरण करें। बोधिनैरात्म्य बीज द्वारा व्रतधारी निरात्मा की भावना करें। विश्व के तरह ही विश्व को भी प्रकाशित करें। और त्र्यध्व मन्त्र का जप करें। जल्पन ही जप है। सभी वाणी मन्त्र है। मन्त्र को ही मन्त्र कहा गया है। चोदन-भाषण ही तत्त्व है। हृदय में उस मन्त्र की स्थिति ही समाधि है। उनका मूर्धा में अभिषेक ही पूजा है। विद्या के द्वारा योग होता है जिस वज्रधर का उसके चार प्रकार के भोग होते हैं - स्वाधिष्ठान आदि के भेद से। एक एक मुख वाले वीरों का एक एक करके शिर में सेचन करना ही अभिषेक है। हृदय मुद्रा को मन्त्रों के द्वारा स्वकुलक्रम से मुद्रण होता है। फल से हेतु का मुद्रण और हेतु से फल का मुद्रण होता है। अन्यथा विचार करने से कभी भी सिद्धि नहीं होती। विद्यापुरुष वज्री का जो चार भोगों से युक्त हैं उन्हें काय, वाक् और चित्त भेद से तीन कोणों में स्थापित करें। दशार चक्र को ही जब साधक समाहित कर लेता है उसी में (सभी अरों में) दश क्रोध एवं

दशज्ञानात्माओं का ध्यान करें। निरोधचक्र के द्वारा निष्पन्न अग्र चारु स्वरूप से वज्र ज्वाला का प्रकाशन करें जो भ्रमणशील एवं मेघों वाला स्वभाव युक्त है। यही धर्मोदय है, प्रकृति से तो निर्मल एवं शान्त है। इसकी भावना से तत्काल ही बुद्धचक्षु समुद्घाटित होता है। दो क्रमों की उपासना द्वारा वहाँ पर वज्रिओं की देशना-उसमें उत्पत्ति क्रम एवं उत्पन्न क्रम दोनों ही अवस्थित हैं। साधना, प्रतिपत्ति, समय सम्बर यह सब विस्तार पूर्वक क्रमभेद से भिन्न होते हैं। रूप शब्द आदि काम हैं जो सुख-दुःख उभय रूप हैं, वे ही हृदय में राग-द्वेष तमसों का उदय हृदय में करते हैं। राग में रागमयवज्र का निष्पादन होता है वज्र से ही रत्न संभव की उत्पत्ति, रत्न वज्र से समय और सभी काम समय के तरह ही हैं।

साकारं च निराकारं सर्वगं त्र्यक्षरात्मकम्।
करणं हरणं चैव स्फारणं कुर्यात् स्वजापतः ॥ ८७ ॥
एवं द्वेषं च मोहं च निष्पाद्य भुवनत्रयम्।
आमुद्रय गुह्यसंशुद्धमर्थं कुर्वन्ति वज्रिणः॥ ८८ ॥
निष्पाद्य द्वेषचक्रं तु द्वेषयोगेन योगिनाम्।
विदाह्य क्रूरवज्रेण संहरेदज्ञानवज्रिणः॥ ८९ ॥
तांस्तु संस्फार्य संबोध्य तद्वत्संहरणं पुनः।
अभ्यसेद्योगमेवन्तु द्वेषवज्रः स्वयं भवेत् ॥ ९० ॥
मारणं जीवनं चैव त्रैधातुकमशेषतः।
करोति क्षणमात्रेण व्यक्तशक्तिर्न संशयः ॥ ९१ ॥
निष्पाद्य मोहचक्रं तु मोहयोगेन योगिना।
भूषणाद्यानि यत्किञ्चित्तत्सर्वं चोदयेत्सदा ॥ ९२ ॥
मोहचित्तोदधिं भाव्यं सर्वरत्नैः प्रपूरितम्।
दानवर्षं प्रवर्षेत सर्वेषां मोहचक्रिणाम् ॥ ९३ ॥
प्रदानं हरणं चैव सर्वद्रव्यमशेषतः।
करोति क्षणमात्रेण चित्तवज्रस्थिरेण वै ॥ ९४ ॥
निष्पाद्य रागचक्रं तु रागयोगेन योगिना।
अपहृत्य सर्वदेवेभ्यः कामयेत् कामयोगतः ॥ ९५ ॥

रतिप्रीतिसुखैर्हर्षैः कामक्रीडाविकुर्वितैः।
प्रदातव्यं ततः पञ्चदेवेभ्यः सर्वचक्रिणा ॥ ९६ ॥
त्रैधातुकसमुत्पन्ना भार्या देवासुरा अपि।
कामयन्ति क्षणेनैव मानुष्यः किं पुनः स्त्रियः ॥ ९७ ॥
मण्डलभिषेकं च कर्माग्रप्रसराणि च।
अनुष्ठानमधिष्ठानं सिद्धानां गतिरन्यथा ॥ ९८ ॥
भगं मण्डलमाख्यातं बोधिचित्तं च मण्डलम्।
देहं मण्डलमित्युक्तं त्रिषु मण्डलकल्पना ॥ ९९ ॥
मुद्रितं मुद्रया सर्वं स्कन्धायतनधातुना।
तेन मुद्रा सदा न्यस्ता मण्डलेति विनिर्दिशेत् ॥ १०० ॥
अङ्कुशं दण्डशूलं च खड्गं कोणेषु विन्यसेत्।
टक्किदण्डबलं बालं चक्रं सुम्भमधोदर्ध्वतः ॥ १०१ ॥
विद्याराजादिवज्राणां मुद्रा षट्चक्रवर्तिनाम्।
पृथिव्यादिषु सत्त्वानां मुद्रामण्डलकं स्वकम् ॥ १०२ ॥

साकार एवं निराकार तीन अक्षरों वाले मन्त्र को जो व्यापक, करण, हरण स्वरूपात्मक है उसका प्रकाशन करें। और जाप करें। इस प्रकार द्वेष एवं मोह का निष्पादन करके तीनों लोकों को अभिमन्त्रित करें गुह्य संशुद्धि हेतु – यही वज्रिओं का कार्य है। योगियों के द्वेष चक्रों से द्वेष चक्र का उत्पादन करके क्रूर वज्र से दाह करके ज्ञानवज्री का संहार करें। उन्हें बारम्बार प्रकाशित करके इस प्रकार योग का अभ्यास करने से वह स्वयं द्वेष वज्र जो जाता है। तीनों लोकों का मारण या जीवन वह तत्क्षण ही कर सकता है इसमें सन्देह नहीं है। मोह योग से योगी जन मोह चक्र का निष्पादन करके जो कुछ भूषण आदि हैं उन्हें प्रेरित करें। ग्रहण करें। सर्वरत्नों से प्रपूरित मोह रूप चित्त का ध्यान करें। इससे दान की वर्षा होती है जो मोह चक्रों का समय कहलाता है। सभी पदार्थों का दान या प्रहरण वह क्षण मात्र से कह सकता है जब चित्त वज्र स्थिर होता है। राग योग से राग चक्र का निष्पादन करके कामयोग से सभी देवताओं के अपहरण करके वह कामकला में संलग्न हो जाय। रति, प्रीति एवं हर्षों से युक्त होकर काम क्रीडा करते हुए उसे पाँच देवों को दे देना चाहिए सर्व चक्रों से। त्रैधातुक से उत्पन्न

भार्या देवासुर सभी हैं तो वे ही उसे चाहते हैं फिर मनुष्य और स्त्रियोंकी बात ही क्या है। मण्डल और अभिषेक, कर्मों का प्रसारण, अनुष्ठान और अधिष्ठान आदि सिद्धों की गति भिन्न है। भग को ही मण्डल कहा गया है बोधिचित्त भी वही है। देह भी मण्डल है, तीनों में मण्डल की कल्पना की गई है। स्कन्ध-धातु-आयतनों की मुद्रा से सब कुछ मुद्रित है, इसी से हमेशा मुद्रा की जाती है मण्डलों में ऐसा जानना चाहिए। अङ्कुश, दण्डशूल, खड्गों को कोणों में रखें। जिसमें टक्कि, दण्ड बल, बाल, चक्र, सुम्भ मध को ऊपर से विन्यस्त करें। विद्याराज आदि वज्रधारकों की मुद्रा जो षट्चक्रवर्ति के हैं वे सब पृथिवी के प्राणियों के अपने हैं।

आदर्शं वीणां शङ्खं च पात्रं बिम्बपटांस्तथा।
धर्मोदयाख्या मुद्रैषा वज्राधिपतिवज्रिणाम् ॥ १०३ ॥
बुद्धाश्च बोधिसत्त्वाश्च क्रोधराजाभिमुद्रिताः।
ततोऽन्या एकवीरास्तु कुलवर्णेन कल्पिताः ॥ १०४ ॥
पुष्पमित्यभिधीयन्ते नवयोषित्खधातवः।
कायवाक्चित्तभेदेन न्यासं कुर्यात् कुलक्रमैः ॥ १०५ ॥
चैत्यं च सर्वबुद्धानामालयस्थानमुच्यते।
ज्ञानसत्त्वेन सत्सृष्टं ज्ञानचक्रमिति स्मृतम् ॥ १०६ ॥
बीजाक्षरपदं प्रोक्तं त्रिवज्राक्षरमक्षरम्।
चोदनं बोधनं प्रोक्तं कायवाक्चित्तभावतः ॥ १०७ ॥
प्रेरणं रश्मिसञ्चारं दशदिग्लोकधातुषु।
आमन्त्रणं सवज्राणां सर्ववज्रनिमन्त्रणम् ॥ १०८ ॥
रश्मिना सर्ववज्राणां सर्ववज्राणि तत्पदे।
संहृत्य पिण्डरूपेण बन्धो बन्धनमुच्यते ॥ १०९ ॥
कायवाक्चित्तवज्रेण कायवाक्चित्तमण्डले।
आमुद्र्य कायवाक्चित्तं कल्पयेल्लेख्यमण्डलम् ॥ ११० ॥
अभिषेकं त्रिधा भेदमस्मिन्तन्त्रे प्रकल्पितम्।
कलशाभिषेकं प्रथमं द्वितीयं गुह्याभिषेकतः ॥ १११ ॥

प्रज्ञाज्ञानं तृतीयं तु चतुर्थं तत्पुनस्तथा।
मन्त्रयोग्यां विशालाक्षीं सपुष्पां शुक्रसम्भवाम् ॥ ११२ ॥
गुह्यगुह्याभिषेकं तु दद्याच्छिष्यस्य मन्त्रिणः।
खधातुमध्यगतं कृत्वा विण्मूत्रमज्जसंयुतम् ॥ ११३ ॥
वज्रपद्मप्रयोगेण सर्ववज्रान् समाजयेत्।
सर्वांस्तान् हृदये पात्य कायवाक्चित्तवज्रतः ॥ ११४ ॥
उत्सृज्य वज्रमार्गेण शिष्यवक्त्रे निपातयेत्।
इदन्तत्सर्ववज्राणामभिषेकपदं परम् ॥ ११५ ॥
सिद्ध्यन्ति सर्वमन्त्राणि कर्माग्रप्रसराणि च।
अतिश्रद्धां महाप्राज्ञीं सुरूपां साधकप्रियाम् ॥ ११६ ॥
एकयोगक्रियाभ्यस्तां समयीं समपश्य वै।
दक्षिणा च प्रदातव्या गुरवे साधकेन वै ॥ ११७ ॥
अध्येष्य गुरुणा तस्य दातव्या साधकस्य तु।
मूढे मोहात्मकं योगं मोहरत्या समन्वितम् ॥ ११८ ॥
निःसेकान्मोहधाराभिर्मोहवज्रः स्वयं भवेत्।
द्विष्टे द्वेषात्मकं योगं द्वेषरत्या समन्वितम् ॥ ११९ ॥
निःसेकाद्द्वेषधाराभिर्द्वेषवज्रः स्वयं भवेत्।
रक्ते रागात्मकं योगं रागरत्या समन्वितम् ॥ १२० ॥

वज्राधिपति वज्रधारियों के, आईना, वीणा, शंख, पात्र बिम्ब-वस्त्र वे ही धर्मोदय नामक मुद्रा हैं। बुद्ध और बोधिसत्त्व, वे सब क्रोध राजाओं से मुद्रित हैं। उसके अतिरिक्त अन्य एक वीर भी हैं जो कुल वर्णों से कल्पित कहलाते हैं। नई स्त्रियाँ जो खधातु हैं वे ही पुष्प कहलाती हैं। कुलक्रमों से कायवाक् चित्त भेद से इनका न्यास करना चाहिए। सभी बुद्धों का चैत्य ही आलय स्थान है। ज्ञान सत्त्व से जो सृष्ट हुआ है वह ज्ञानचक्र है। त्रिवज्राक्षर-अक्षर ही बीजाक्षर पद है। चोदन ही बोधन है, - कायवाक्चित्त भावों के द्वारा प्रेरित करना ही रश्मि संचार है, दशदिक् लोकधातुओं में सभी वज्रों का आमन्त्रण ही सर्ववज्र नियन्त्रण है। रश्मिओं के द्वारा सर्ववज्रों का उस पंद में स्थापित करना, संहार द्वारा पिण्ड के रूप में बन्धन करना ही बन्धन है। कायवाक्

चित्त वज्र से कायवाक् चित्त मण्डल में आमुद्रित करके लेख्य मण्डल की कल्पना करें। इस तन्त्र में अभिषेक के तीन भेद बतलाए गए हैं – कलशाभिषेक – प्रथम, गुह्याभिषेक द्वितीय, प्रज्ञाज्ञानाभिषेक तृतीय है। चतुर्थ सभी का समष्टि है। मन्त्र जाप में संलग्न शिष्य के लिए – मन्त्र योग्य, विशालाक्षी, शुक्रसम्भव, सपुष्प स्त्री को गुह्य का अभिषेक देना चाहिए। उसे आकाश धातु में अवस्थित करके विष्ठा-मूत्र आदि से संयुक्त करके वज्र पद्म के प्रयोग द्वारा सभी वज्रों का समाज में सम्मिलित करें। कायवाक्चित्त वज्रों के द्वारा उन्हें हृदय में विराजित भी करें। वज्र मार्ग से उठाकर उन्हें शिष्य के मुख में डाल देवें। यही उन वज्रों का अभिषेक है। इससे सभी मन्त्र सिद्ध होते हैं। यह सब अतिश्रद्धायुक्त, महाप्राज्ञ, सुरूपा, साधकप्रिया, एक योग क्रिया में अभ्यस्त समयी को देख कर ही गुरु को दक्षिणा देनी चाहिए। अध्येषणा के द्वारा वह गुरु भी शिष्य को अभिषेक से समन्वित करें। मोहात्मक योग भी उसे प्रदान करें जिसमें मोह रति हो। मोह धाराओं से अभिषेक करने से स्वयं वह साधक मोह वज्र हो जाता है। इसी प्रकार उपदेश पूर्वक द्वेषरति से युक्त द्वेषात्मक योग के द्वारा अभिषेक करने से साधक स्वयं वह द्वेषरति हो जाता है । इसी प्रकार रक्त में रागरति से समन्वित योग द्वारा अभिषेक से – वह भी राग धाराओं के, स्वयं रागवज्र हो जाता है।

निःसेकाद्रागधाराभी रागवज्रः स्वयं भवेत्।
प्रज्ञाज्ञानात्मकं योगं वज्ररत्या समन्वितम् ॥ १२१ ॥
निःसेकाद् ज्ञानधाराभिः प्रज्ञाज्ञानः स्वयं भवेत्।
तामेव देवतां विद्यां गृह्य शिष्यस्य वज्रिणः ॥ १२२ ॥
पाणौ पाणिः प्रदातव्यः साक्षीकृत्य तथागतान्।
हस्तं दत्त्वा शिरे शिष्यं मुच्यते गुरुवज्रिणा ॥ १२३ ॥
नान्योपायेन बुद्धत्वं तस्माद् विद्यामिमां वराम्।
अद्वयाः सर्वधर्मास्तु द्वयभावेन लक्षिताः ॥ १२४ ॥
तस्माद् वियोगः संसारे न कार्यो भवता सदा ।
इदं तत्सर्वबुद्धानां विद्याव्रतमनुत्तमम् ॥ १२५ ॥

अतिक्रमति यो मूढः सिद्धिस्तस्य न चोत्तमा।
प्रकृत्या देहधर्मेषु भ्राजते मलपञ्चकम् ॥ १२६ ॥
पञ्चज्ञानैरधिष्ठानात्पञ्चामृतमिति स्मृतम्।
ज्वालनं तापनं चैवोद्योतनं रूपदर्शनम् ॥ १२७ ॥
मन्त्रमूर्तिप्रयोगेण भक्षेत्पञ्चामृतामृतम्।
अन्तरिक्षगतं चिन्तेद्वज्रहूङ्कारसम्भवम् ॥ १२८ ॥
अधस्तात्तु तत्र भागे पद्ममाकारसम्भवम्।
ऊँकाराङ्कितममृतं तत्र मध्ये निवेशयेत् ॥ १२९ ॥
वज्रपद्मसमायोगाज्ज्वाल्य सन्ताप्य योगिना।
उद्यते स्फटिकाकारं ज्ञानसूर्यमिवापरम् ॥ १३० ॥
आकृष्य परमास्त्रेण दशदिग्लोकधातुषु।
अमृतं तत्र सम्पात्य भक्षेद् भक्षणयोगतः ॥ १३१ ॥

वज्र रति के समन्वय के साथ प्रज्ञाज्ञानात्मक - ज्ञान धाराओं से अभिषेक करने से स्वयं प्रज्ञाज्ञान स्वरूप हो जाता है। उन्हीं विद्या देवता को ग्रहण कर शिष्य के हाथ को अपने हाथ में लेकर, तथागत को साक्षी मानकर फिर अपने हाथ को शिष्य के शिर में रख दें। क्योंकि इसके अतिरिक्त बुद्धत्व प्राप्त करने का कोई दूसरा उपाय नहीं है, इसीलिए इन विद्याओं को ग्रहण करें। सभी अद्वय धर्म द्वय भाव से लक्षित होते हैं। इसीलिए संसार से वियुक्त नहीं होना चाहिए। यही सर्व बुद्धों का उत्तम व्रत कहा गया है। जो मूढ इसका अतिक्रमण करता है वह उत्तम सिद्धि नहीं प्राप्त करता है। और प्रकृति से ही मलपञ्चक वह धारण करता है। पञ्च ज्ञानों के अधिष्ठान के कारण ही पञ्चामृत कहलाता है। जलाना, तपाना, उद्युक्त करना, रूप दिखाना - यही मन्त्रमूर्ति के भेद से पञ्चामृत का भक्षण कहलाता है। और वज्र हुँकार को अन्तरिक्ष में चिन्तन करना चाहिए। उसके नीचे आकार से समुत्पन्न पद्म का चिन्तन करें। उसके बीच में ओंकारयुक्त अमृत का निवेश करना चाहिए। वज्रपद्म के समायोग पूर्वक जलाकर, तपाकर ऊपर स्फटिक के आकार को ज्ञान सूर्य के तरह ही उसे आकृष्ट करके दशों दिशाओं में परम अस्त्र द्वारा उसके ऊपर अमृत गिराकर भक्षण योग से उसका भक्षण करना ही चाहिए।

पञ्चवीर्यं तथा भक्ष्यं साध्यसिद्धिविधानतः।
निष्पाद्यत्र्यक्षरैर्बीजैरन्यथा नैव सिद्धिदाः ॥ १३२ ॥
अन्तर्द्धानादयः सिद्धाः सामान्या इति कीर्तिताः।
सिद्धिरुत्तममित्याहुर्बुद्धा बुद्धत्वसाधनम् ॥ १३३ ॥
चतुवर्धिमुपायन्तु बोधिवज्रेण वर्णितम्।
योगतन्त्रेषु सर्वेषु शस्यते योगिना सदा ॥ १३४ ॥
सेवाविधानं प्रथमं द्वितीयमुपसाधनम्।
साधनं तु तृतीयं वै महासाधनं चतुर्थकम् ॥ १३५ ॥

साध्य-सिद्धि के विधानपूर्वक पञ्च वीर्य का भक्षण करना चाहिए त्र्यक्षर बीजों से निष्पादन करके, अन्यथा सिद्धि नहीं होती। अन्तर्ध्यान आदि सिद्धियाँ सामान्य कही जाती हैं। इन्हें ही उत्तम सिद्धि कहा गया है जो बुद्धत्व के साधन हैं। चार प्रकार के उपायों का वर्णन बोधिवज्र ने किया है। सारे योग तन्त्रों में इसकी प्रशंसा की गई है। प्रथम सेवा का विधान, उपाय साधन दूसरा, तृतीय साधन है, महासाधन चौथा है।

सामान्योत्तमभेदेन सेवा तु द्विविधा भवेत्।
वज्रचतुष्केण सामान्यमुत्तमं ज्ञानामृतेन च ॥ १३६ ॥

सामान्य और उत्तम भेद से सेवा दो प्रकार की है। वज्र चतुष्टय के कारण सामान्य और ज्ञानामृत द्वारा उत्तम कहा गया है।

प्रथमं शून्यताबोधिं द्वितीयं बीजसंहतम्।
तृतीयं बिम्बनिष्पत्तिश्चतुर्थं न्यासमक्षरम् ॥ १३७ ॥
एभिर्वज्रचतुष्केण सेवासामान्यसाधनम्।
उत्तमे ज्ञानामृते चैव कार्यं योगषडङ्गतः ॥ १३८ ॥
सेवाषडङ्गयोगेन कृत्वा साधनमुत्तमम्।
साधयदेन्यथा नैव जायते सिद्धिरुत्तमा ॥ १३९ ॥
प्रत्याहारस्तथा ध्यानं प्राणायामोऽथ धारणा।
अनुस्मृतिः समाधिष्च षडङ्गो योग उच्यते ॥ १४० ॥
दशानामिन्द्रियाणान्तु स्ववृत्तिस्थानान्तु सर्वतः।
प्रत्याहारमिति प्रोक्तमाहार प्रतिपत्तये ॥ १४१ ॥

पञ्चकामाः समासेन पञ्चबुद्धप्रयोगतः।
कल्पनं ध्यानमुच्येत तद्धयानं पञ्चधा भवेत् ॥ १४२ ॥
वितर्कं च विचारं च प्रीतिश्चैव सुखं तथा।
चित्तस्यैकाग्रता चैव पञ्चैते ध्यानसंग्रहाः ॥ १४३ ॥
गुह्यतन्त्रेषु सर्वेषु विविधाः परिकीर्तिताः।
गुह्यं तर्कोदयं तर्कं विचारं तत् प्रयोगतः ॥ १४४ ॥
तृतीयं प्रीतिसङ्काशं चतुर्थं सुखसंग्रहम्।
स्वचित्तं पञ्चमं ज्ञेयं ज्ञानं ज्ञेयोदयक्षमम् ॥ १४५ ॥
सर्वबुद्धमयं शान्तं सर्वकामप्रतिष्ठितम्।
पञ्चज्ञानमयं श्वासं पञ्चभूतस्वभावकम् ॥ १४६ ॥
निश्चार्य पिण्डरूपेण नासिकाग्रे तु कल्पयेत्।
पञ्चवर्णं महारत्नं प्राणायाममिति स्मृतम् ॥ १४७ ॥
स्वमन्त्रं हृदये ध्यात्वा प्राणबिन्दुगतं न्यसेत्।
निरुध्य चेन्द्रियं रत्नं धारयन् धारणा स्मृतम् ॥ १४८ ॥
निरोधवज्रगते चित्ते निमित्तमुपजायते।
पञ्चधा तु निमित्तं तद् बोधिवज्रेण भाषितम् ॥ १४९ ॥
प्रथमं मरीचिकाकारं धूम्राकारं द्वितीयकम्।
तृतीयं खद्योताकारं चतुर्थं दीपवज्ज्वलम् ॥ १५० ॥
पञ्चमं तु सदालोकं निरभ्रं गगनसन्निभम्।
स्थिरन्तु वज्रमार्गेण स्फारयीत खधातुषु ॥ १५१ ॥
विभाव्य यदनुस्मृत्या तदाकारन्तु संस्मरेत्।
अनुस्मृतिरिति ज्ञेया प्रतिभासोऽत्र जायते ॥ १५२ ॥

प्रथम शून्यता बोधि है, बीज संहार दूसरा है, बिम्ब निष्पत्ति तृतीय और अक्षर न्यास चौथा है। इन वज्रचतुष्टय के कारण सेवा सामान्य साधन किया जाता है। उत्तम ज्ञान साधन में षडङ्ग योग द्वारा ही किया जाता है। सेवा षडङ्ग योग द्वारा उत्तम साधन करना चाहिए अन्यथा उत्तम सिद्धि नहीं होती। प्रत्याहार, ध्यान, प्राणायाम और धारणा, अनुस्मृति और समाधि यही षडङ्ग योग कहा गया है। आहार प्राप्ति के लिए दशों इन्द्रियों के अपने विषयों को लेकर

निवर्तन कराना ही प्रत्याहार कहा गया है। संक्षेप में पञ्च बुद्धों के प्रयोग द्वारा पञ्च कामों की कल्पना ही ध्यान कहा गया है। वह ध्यान भी पाँच प्रकार का है। वितर्क, विचार, प्रीति, सुख एवं चित्त की एकाग्रता वे ही पाँच ध्यान हैं। गुह्य तन्त्रों में सर्वत्र विविध कल्पना की गई है। तर्कों का उदय ही गुह्य है और विचारों का प्रयोग भी गुह्य ही कहा गया है। तीसरा प्रीति का सङ्काश और चौथा सुख का संग्रह कहा गया है। स्वचित्त को पाँचवाँ और ज्ञान, ज्ञेय, दया और क्षमा वे सभी सर्व बुद्धों का स्वरूप है जो शान्त और सर्वकामों में प्रतिष्ठित हैं । पञ्च ज्ञानमय श्वास को और पञ्चभूत स्वभाव को निकाल कर पिण्ड के रूप में नासिका के अग्र भाग में कल्पना करें। पञ्चवर्ण महारत्न ही प्राणायाम है। अपने मन्त्र का ध्यान करके हृदय में, प्राणबिन्दु का ध्यान करें। इन्द्रियों को रोककर धारण करना ही धारणा है। चित्त के निरोध वज्र के होने से निमित्त की उत्पत्ति होती है। वह निमित्त पाँच प्रकार का होता है जिसे बोधिवज्र ने भाषित किया है। पहला मरीचिका जैसा और धूम्राकार दूसरा, स्वद्योताकार तृतीय, दीपवत्ज्वलन चतुर्थ है। निरभ्र गगन जैसा आलोक पञ्चम है, वज्रमार्ग से स्थिर तत्त्व को आकाश में प्रकाशित करना यही ध्यान करके फिर उस आकार का ध्यान करें। इसे ही अनुस्मृति कहा गया और प्रतिभास भी यहाँ इसे ही कहा गया है।

प्रज्ञोपायसमापत्त्या सर्वभावान् समासतः ।
संहृत्य पिण्डयोगेन बिम्बमध्ये विभावनम् ॥ १५३ ॥
झटिति ज्ञाननिष्पत्तिः समाधिरिति संज्ञितः ।
प्रत्याहारं समासाद्य सर्वमन्त्रैरधिष्ठ्यते ॥ १५४ ॥
ध्यानज्ञानं समापद्य पञ्चाभिज्ञत्वमाप्नुयात्।
प्राणायामेन नियतं बोधिसत्त्वैरधिष्ठ्यते ॥ १५५ ॥
धारणानुबलान्नित्यं वज्रसत्त्वः समाविशेत्।
अनुस्मृतिसमायोगात्प्रभामण्डल जायते ॥ १५६ ॥
समाधिवसितामात्रे निरावरणवान्भवेत् ।
तच्चितं हृदये लक्ष्य चतुर्वज्रप्रयोगतः ॥ १५७ ॥

आकृष्य परमास्त्रेण चित्तं मन्त्रमयीकृतम्।
मन्त्रमूर्तिप्रयोगेण बोधिगाथामुदाहरेत् ॥ १५८ ॥
खमण्डलसमारूढं बोधिसंयोगभावनैः।
तच्चित्त ज्ञानबिम्बेन भावनमुपसाधनम् ॥ १५६ ॥

प्रज्ञोपाय समापत्ति के द्वारा संक्षेप में सभी पदार्थों को अपने में खींचकर पिण्डयोगपूर्वक बिम्ब के बीच में भावना करनी चाहिए। इससे तत्काल ही ज्ञान की निष्पत्ति होती है वही समाधि भी है। प्रत्याहार प्राप्त करके सर्वमन्त्रों से अधिष्ठित हुआ जाता है। ध्यान ज्ञान को प्राप्त करके पञ्चअभिज्ञता प्राप्त करें, यह सब प्राणायाम द्वारा बोधिसत्त्वों द्वारा पाया जाता है। धारणा के बल से वज्रसत्त्व की कल्पना करनी चाहिए। अनुस्मृति की समायोग द्वारा प्रभामण्डल की उत्पत्ति होती है। समाधि में बसने मात्र से निरावरण युक्त हो जाता है चतुर्वज्र प्रयोग से, उसको हृदय में रखें। चित्त को मन्त्रमय करके परम अस्त्र द्वारा आकर्षित करें, मन्त्रमूर्ति के प्रयोग से बोधिगाथा का ग्रहण करें। आकाश मण्डल में स्थित बोधि संयोग भावनाओं से उस चित्त को ज्ञान बिम्ब द्वारा उपसाधन ही भावना है।

दर्शनं च द्विधा यावत् तावत् षण्मासभावनम्।
सर्वकामोपभोगैस्तु कर्तव्यं सर्वतः सदा ॥ १६० ॥
दर्शनं यदि षण्मासैर्यदुक्तं नैव जायते।
आरभेत त्रिभिर्वारैर्यथोक्तविधिसम्बरैः ॥ १६१ ॥
दर्शनं तु कृतेऽप्येवं साधकस्य न जायते।
यदा न सिद्धयते बोधिर्हठयोगेन साधयेत् ॥ १६२ ॥
ज्ञानसिद्धिस्तदा तस्य योगेनैवोपजायते।
कुलभेदप्रयोगेण वज्रकीलेन कीलयेत् ॥ १६२ ॥
वशीकरणरक्षां च ततः कुर्यात्प्रयोगतः।
महारागनयेनैव संहृत्य ज्ञानचक्रिणम् ॥ १६४ ॥
योषितं स्फार्य नवधा साध्याया विग्रहे न्यसेत्।
परिवर्त्य चतुर्मुद्रां मण्डलं तत्र कल्पयेत् ॥ १६५ ॥
आत्ममध्यगतं कृत्वा संहरेत्सर्वचक्रिणम्।

सर्ववज्रमयं कृत्वा तदा बोधिं विभावयेत् ॥ १६६ ॥
चतुर्भिश्चोदनागीतैर्देवीभिश्चोदिते हृदि।
त्र्यध्ववज्रमयं चिन्तेद् ज्ञानबद्देहभावनम् ॥ १६७ ॥
मदेन भिद्यते वर्णं रसेन हृदयं तथा।
स्वहेतुरभिषेकेण फलमाधारभेदतः ॥ १६८ ॥

इष्ट का दर्शन दो प्रकार से होता है उसका छह महीना तक साधना करने से और सर्वकामों के उपभोग से सदा करना चाहिए। यदि उक्तयोग से छह महीनों में दर्शन नहीं होता है तो यथोक्त विधि से तीन बार संवर प्रारंभ करना चाहिए। ऐसा करने पर भी साधक को यदि उपयुक्त दर्शन नहीं होता है तो उसे उस बोधि के लिए हठ योग से साधना प्रारम्भ करना चाहिए। उस योग से ही उसे ज्ञान की सिद्धि होती है। कुल भेद प्रयोग द्वारा वज्र कीलन पूर्वक कीलित करनी चाहिए। प्रयोग पूर्वक वशीकरण की रक्षा भी करनी चाहिए। महाराग नीति से ज्ञान चक्र का संहार पूर्वक ही यह किया जाता है। नौ प्रकार से स्त्री का उपयोग करते हुए जो साध्य है उसे वहीं पर न्यस्त करना चाहिए। चार मुद्राओं का परिवहन करते हुए वहाँ मण्डल की कल्पना करनी चाहिए। अपने में ही स्थित करके सर्व चक्रों को संहत करें। उसे सर्व वज्रमय करके बोधि की भावना करनी चाहिए। चार प्रकार के चोदना गीतों से देवियों के द्वारा हृदय में त्र्यध्व वज्रयुक्त करके ज्ञान जैसे देह की ही भावना करनी चाहिए। मद से वर्ण का भेद और रस से हृदय का और स्वहेतु अभिषेक द्वारा फल भी आधार के भेद से होता है।

मन्त्रेण भिद्यते चर्म विद्यापि धर्ममुद्रया ।
षट्चक्रवर्तिनो राज्ञ उष्णीषात्तु विनिःसृता ॥ १६९ ॥
विद्या राज्ञीति विख्याता चतुर्भोगा महर्धिका ।
सर्वकामेति विज्ञेया वज्राधिपतयस्तथा ॥ १७० ॥
ध्यानवज्रेण सर्वेषामभिषेकः प्रशस्यते ।
अनेन विधियोगेन ज्ञानेन सह विग्रहम् ॥ १७१ ॥
कायवाक्चित्तवज्रेणाद्वयीकरणसाधनम् ।

पूर्वोक्तेनानुसारेण विद्यापुरुषवज्रिणः ॥ १७२ ॥
आत्मवन्मण्डलसृष्टिर्महासाधनमुच्यते।
सेवाकाले महोष्णीषं बिम्बमालम्ब्य योगतः ॥ १७३ ॥
उपसाधनकाले तु बिम्बममृतकुण्डलम्।
साधने देवतायोगं कुर्यान्मन्त्री विधानवित् ॥ १७४ ॥
महासाधनकाले च बिम्बं बुद्धाधिपं विभुम्।
इदं तत् सर्ववज्राणां रहस्यं परमयोगिनाम् ॥ १७५ ॥
इति बुद्धवा विभागेन साधयेत्सिद्धिमुत्तमाम्।
अन्यथा नैव संसिद्धिर्जायते उत्तमं शिवम् ॥ १७६ ॥
कल्पकोटिसहस्रेऽपि बुद्धानामपि तायिनाम्।
साध्यसाधनसंयोगं यत्तत् सेवेति भण्यते॥ १७७ ॥
वज्रपद्मसमायोगमुपसाधनमुच्यते।
साधनं चालनं प्रोक्तं हूँ फट्कारसमन्वितम् ॥ १७८ ॥
खभावं खमुखं शान्तं महासाधनमुच्यते।
सर्वबुद्धाधिपः श्रीमान् महावज्रधरैः पदम् ॥ १७९ ॥
उपेयः सर्वबुद्धानां धर्माणां सैव धर्मता ।
यद्यत्कर्मानुरूपेण योगमालम्ब्य योगिनः ॥ १८० ॥
निष्पाद्य मण्डलं तत्र श्रावयेत्समयदारुणम्।
समयं रक्षयेत्पूर्वं कायवाक्चित्तवज्रिणः ॥ १८१ ॥
अथवोष्णीषसमयी यथोक्तविधिसम्भवैः ।
तत्तत् कर्मानुरूपेण स्वचक्राज्ञां तु दीयते॥ १८२ ॥
साध्यमस्यापि यद्देहं मण्डलेन विभावयेत् ।
अपर श्रावयेत्तस्य तेषां देहस्थचक्रिणाम्॥ १८३ ॥
तस्य पातं ततः कृत्वा निष्क्रान्तान् प्रविभावयेत्।
आकृष्य सर्वभावेन स्वचक्रे तान् प्रवेशयेत् ॥ १८४ ॥
कृत्वा प्रतिकृतिं तस्य यथोक्तद्रव्यसम्भवैः।
लिङ्गमाक्रम्य पादेन क्रोधाविष्टेन चेतसा ॥ १८५ ॥

गृहीताज्ञान् ततः क्रोधान् नानाभीतगणैर्वृतान् ।
प्रेषयेत् घातनार्थाय साध्यसाधकवज्रिणः ॥ १८६ ॥
बन्धितं ताडितं तेन क्रोधराजेन वेष्टितम्।
सन्तप्तं त्रास सम्भूतं साध्यमाकर्षयेत्ततः ॥ १८७ ॥
पातयेप्रतिकृतौ तस्य त्रिवज्रस्य तु मन्त्रिणः।
कीलयेत्कीलमन्त्रेण मूर्ध्नि कण्ठे तथा हृदि ॥ १८८ ॥
ईतिश्चोपद्रवान् रोगान् नानाविषसमुद्भवान्।
निपात्य तत्र बिम्बेषु तेषामपि सुकीलयेत् ॥ १८९ ॥
ततः सर्वप्रयोगेण यथोक्तविधिसम्भवैः।
यन्त्र मन्त्रप्रयोगादीन् योजयेत्कर्मभेदतः ॥ १९० ॥
जपं वा लिङ्गमाक्रम्य होमं वा क्रोधमण्डले।
ध्यानं वा क्रूरसत्त्वैस्तु खाद्यमानं प्रकल्पयेत् ॥ १९१ ॥
शान्तिके शान्तचित्तं तु पौष्टिके पुष्टिमानसम्।
वश्ये रक्तं मनः कृत्वा क्रोधे क्रुद्धं प्रसाधयेत् ॥ इति ॥ १९२ ॥

मन्त्रों से चर्म का भेदन होता है। धर्म मुद्रा से विद्या का और षट् चक्रवर्त्ती राजा का उष्णीस के द्वारा निष्कासन होता है। विद्या ही रानी कही गई है। चतुर्भोग ही महा-ऋद्धि है। सर्वकाम वही है और वज्राधिपति भी है। ध्यानवज्र के द्वारा सभी का अभिषेक प्रशंसित है। इसी विधियोग द्वारा और ज्ञान के साथ एकाकार करके – काय वाक् चित्त वज्र से अद्वयीकरण साधन को पूर्वोक्त रूप से विद्या पुरुष वज्रों का अपने तरह ही मण्डल की सृष्टि ही महासाधन कहा गया है। सेवा काल में महोष्णीष का योगपूर्वक आलम्बन करके, उपसाधन काल में अमृत कुण्डल के बिम्ब का ध्यान करके विधानपूर्वक साधक देवता का ध्यान करे। मासाधन काल में व्यापक बुद्धाधिप बिम्ब का ध्यान करें। यही सर्ववज्रों का योगियों का परम रहस्य है। इस प्रकार समझ कर उत्तम सिद्धि की साधना करें। अन्यथा उत्तम शिवमय सिद्धि नहीं होती। कोटि कल्पों में भी बुद्धों की सिद्धि नहीं होती। साध्य साधन कर संयोग करके जो सेवा करता है उसे ही वज्रपद्म समायोग उपसाधन कहा गया है। हूँ फट् का संचालन ही साधन कहा गया है। आकाश भाव, आकाश मुख शान्त

ही महासाधन कहा गया है। यह सर्वबुद्धाधिप धीमान् पद है जो वज्रधरों का भी उपेय है, बुद्धों का भी है। धर्मों की धर्मता भी यही है। जिस-जिस कर्म का आरंभ करके योगी योग का आलम्बन करके मण्डला का निष्पादन करते हैं उसे श्रवण कराना चाहिए। उस दारुण समय की रक्षा भी की जानी चाहिए जो कायवाक् चित्त वज्री का है। अथवा यथा उक्त उष्णीय सिद्धान्ती उक्त विधि से ही यथा सम्भव उस-उस कर्म के अनुरूप स्वचक्र की आज्ञा देता है। साध्य इसका भी जो देह है उसे भावित करे। उसे दूसरा श्रवण कराये जो देहस्थ चक्री हैं। उसके बाद उसका पात कराके निकले हुए तत्त्वों का ध्यान करें। सर्वभावों से आकर्षण करके अपने चक्र में उन्हें प्रविष्ट करायें। उक्त द्रव्यों से उसकी छायाचित्र बनाकर उस पर आक्रमण करके, पैर से, क्रोधाविष्ट होकर नानाभीतगणों से आवृत गृहीता ज्ञान जो क्रोध रूप हैं, उन्हें घात करने के लिए भेज दें, जो साध्य साधक वज्रों का है। बन्धित, ताडित, क्रोधराज द्वारा वेष्टित और सन्तप्त, त्रास-सम्भूत साध्य को आकर्षित करें। उसके प्रतिकृति त्रिवज्री मन्त्री के द्वारा उसे कीलित करे मन्त्र से उसके कण्ठ, हृदय तथा शिर में विभिन्न विघ्न, उपद्रव, रोग एवं अनेक विषयों में उसे फँसाकर उस बिम्ब में उन्हें भी कीलित करें। उसके बाद सर्व प्रयोगों द्वारा यथोक्त विधि से कर्मभेदपूर्वक मन्त्र-तन्त्र-यन्त्रों का प्रयोग करें। चित्त में आक्रमण करके होमपूर्वक क्रोधमण्डल में ध्यान करके क्रूससत्त्वों से उसे खाते हुए अवस्था की भावना करे। शान्ति कर्म में शान्त चित्त होना और पौष्टिक कर्म में मन में पुष्टि की भावना, वश्य कर्मों में मन में राग की भावना तथा क्रोध सिद्धि में अपने को क्रुद्ध करना चाहिए। इति

अथ भगवन्तः सर्वतथागतास्तेषां बोधिसत्त्वानां महासत्त्वानां संशयच्छेदं कृत्वा सर्वसंशयच्छेत्तारं कायवाक्चित्तवज्रं स्वकायवाक्चित्तवज्रेषु विहरन्तं स्वकायवाक्चित्तेनालम्ब्य तूष्णीमवस्थिता अभूवन्।

अथ ते सर्वे बोधिसत्त्वा महासत्त्वास्तान्सर्वतथागतान् अनेन स्तोत्रराजेन स्तुवन्ति स्म।

नमस्ते सर्वकायेभ्यः सर्ववाग्भ्यो नमो नमः।

नमस्ते सर्वचित्तेभ्यः सत्त्वहृद्भ्यो नमो नमः ॥ १६३ ॥
कायवाक्चित्तवज्राणां कायवाक्चित्तभावतः।
सत्त्वासमसमा बुद्धाः कः साध्यः कश्च साधकः ॥ १६४ ॥
सर्वबुद्धविघातेन साधकस्य महात्मनः।
कथं न लिप्यते पापैर्यदि लिप्तः फलं कथम् ॥ १६५ ॥

अब, भगवान् सर्वतथागतों ने उन बोधिसत्त्व एवं महासत्त्वों के सन्देहों का निवारण करके सर्वसंशय को नाश करने वाले काय-वाक् चित्त वज्र को जो अपने कायवाक्चित्त वज्रों में विहार करने वाले हैं, को स्वकाय वाक् चित्त द्वारा आलम्बन करके मौन होकर बैठ गए।

अब वे सब बोधिसत्त्व महासत्त्वों ने उन सभी सर्वतथागतों को इस स्तोत्रराज के द्वारा स्तुति की। सभी कायों को नमस्कार, सभी वाक्-वचनों को नमस्कार। सभी चित्तों को नमस्कार, सत्त्वों के हृदयों को नमस्कार। काय वाक् चित्त वज्रों के सत्त्वों के समान आप बुद्ध भी हैं इसीलिए यहाँ कौन साधक और कौन साध्य है यह संभव ही नहीं है। अर्थात् जितने सत्त्व हैं वे सभी बुद्ध हैं। सभी बुद्धों का विघात करके महात्मा साधक का यही कम है तो यदि वह पापों से लिप्त नहीं होता तो वह फल से कैसे लिप्त होगा।

अथ ते सर्वतथागतास्तेषां महाबोधिसत्त्वानां साधुकारमददुः।
साधु साधु महासत्त्वाः साधु साधु महामुने।
साधु साधु महाघोषाः साधु साधु महामहाः ॥ १६६ ॥
सर्वबुद्धाधिपः श्रीमानाचार्यो बोधिवज्रिणः।
मायावत्सर्वभावान्वै सृष्टिसंहारकारकः ॥ १६७ ॥
तेन तस्य न पापं स्यात्पुण्यं नैव तथैव च।
यस्य न पुण्यं पापोऽस्ति तस्य बोधिः प्रगीयते ॥ १६८ ॥
वञ्चनं तस्य नाथस्य नाशनं सर्वदेहिनाम्।
दुर्गतिर्नैव जायेत बोधिश्चापि न दुर्लभा ॥ १६९ ॥
पूर्वेण कृतकर्मेण घोरेण यदि नारकम्।
जन्तूनां जायते तेषां नारकाणां महत्फलम् ॥ २०० ॥

ज्ञानेन मुद्रिता भोन्ति साध्योऽयं बोधिवज्रिणाम्।
परमानुग्रहो ज्ञेयः सत्त्वानां तेन योगिनाम् ॥ २०१ ॥
निग्रहानुग्रहं कर्म तेन कृत्यं महात्मनाम्।
महासाधनपर्यन्तं कृत्वा कर्म समारभेत् ॥ २०२ ॥

अब इन सभी सर्वतथागतों ने उन महाबोधिसत्त्वों को साधुवाद दिया। हे महासत्त्वों यह अत्यन्त उत्तम है। साधु। साधु। हे महामुनियों धन्य हैं आप सब, महाघोष भी धन्य है। साधु साधु महामहों धन्य हैं आप सब। सर्वबुद्धों का अधिप, धीमान् आचार्य, बोधिवज्री भी मेरे तरह ही सभी पदार्थों के सृष्टि एवं संहार कारक हैं। इसीलिए उनके लिए न कोई पाप है न कोई पुण्य ही होता है। जिसमें पुण्य और पाप दोनों नहीं हैं उनके लिए ही बोधि उपलब्ध होता है। उनके लिए किसी का वाचन भी नहीं है, नाश भी नहीं है, दुर्गति भी नहीं है इसीलिए बोधि दुर्लभ नहीं है। यदि वे बोधिसत्त्व पूर्व के किसी कर्म के फलस्वरूप नरक जाते हैं तो यह तो उन नाटकीय जीवों का बहुत बड़ा फल है। उनके ऊपर कृपा ही है। ज्ञान के द्वारा वे मुद्रित होते हैं जो ज्ञान बोधिवज्रों का साध्य है जिसमें परम अनुग्रह है ऐसा जानना चाहिए जिससे वे योगी एवं सत्त्वों का परम कल्याण होता है। निग्रह और अनुग्रह रूप कर्म उनका कृत्य है। महासाधन पर्यन्त उसे करके कर्म का आरम्भ करना चाहिए।

अथ ते सर्वे बोधिसत्त्वा महासत्त्वाः सर्ववज्राणा
महाकरुणानयधर्मं श्रुत्वा तुष्टाः प्रतुष्टाः सन्तुष्टाः साधुकारमददुः।
साधु साधु महानाथाः साधु साधु महामुने।
साधु साधु महाधर्माः साधु साधु महाकृपाः ॥ २०३ ॥

अब वे सभी बोधिसत्त्व एवं महासत्त्वों ने सर्ववज्रों का महाकरुणानय धर्म को सुनकर खुश, अति हर्ष, सन्तुष्ट होकर उन्हें धन्यवाद, साधुवाद दिया। हे नाथ साधु है। साधु! हे महामुनि आप धन्य हैं। महान् धर्म भी धन्य हैं। साधु हैं। महाकृपा भी धन्य है, साधु है।

अहो समन्तभद्रस्य कृपापरमनिर्मला।
क्रूरकर्मेऽपि दुष्टानां बुद्धत्वफलदायिका ॥ २०४ ॥

अहो आश्चर्य है समन्तभद्र की कृपा परमनिर्मल है। क्रूर कर्म करने वालों को भी बुद्धत्वरूप फल देने वाले हैं।

अथ ते सर्वतथागतास्तेषां बोधिसत्त्वानां महासत्त्वानामेवमाहुः। तेन हि कुलपुत्रा अस्मिन्सर्वतथागताभिषेकगुह्यसमाजेऽभिषिक्तेन मन्त्रिणा न त्रसितव्यं न संत्रसितव्यं न संत्रासमापत्तव्यम्। तत्कस्य हेतोः?

बोधिवज्राभिसम्भूता द्वेषवज्रादयो महाः।
प्रतिक्षेपो न कर्त्तव्यः प्रबन्धे मन्त्रसंग्रहे ॥ २०५ ॥

अब, वे सर्वतथागतों ने उन बोधिसत्त्व महासत्त्वों को यह कहा। इसीलिए हे कुलपुत्र इस सर्वतथागताभिषेक गुह्य समाज में अभिषिक्त हुए मन्त्री को कभी भी त्रसित नहीं होना चाहिए, संत्रसित नहीं होना चाहिए, किसी भी प्रकार संत्रास को उपलब्ध नहीं होना चाहिए। यह किसलिए? बोधि वज्रों से उत्पन्न जो द्वेष वज्र आदि तेज हैं उन्हें कभी भी प्रतिक्षेप आक्षेप नहीं करना चाहिए। इस मन्त्र संग्रह रूप प्रबन्ध कृति = पुस्तक में विशेष करके।

अथ ते बोधिसत्त्वा महासत्त्वास्तान्
सर्वतथागतानेककण्ठेनाभिर्गाथाभिः स्तुवन्ति स्म।
यं त्र्यध्ववज्रमुदर्य भवमोक्षभूतं
शान्तं निरावरण शुद्धखधातुभावम्।
बुद्धादिबुद्धपरमेश्वरबोधिवज्रं
तं कायचित्तवचनैः सततं नमामः॥ २०६ ॥

अब इन सब बोधिसत्त्व और समहासत्त्वों ने उन तथागतों को एक स्वर से इन गाथाओं से स्तुति किया। उन जिन्होने त्र्यध्व वज्रमय, भवमोक्षभूत, शान्त, निरावरण, शुद्ध खधातु में अवस्थित बुद्धादि-बुद्ध-परमेश्वर बोधिवज्र को हम कायचित्त वचनों से निरन्तर नमस्कार करते हैं।

यद्रूपवेदनसंज्ञसुसंस्कृतं च
विज्ञानमायतनषट्कषडिन्द्रियं च।
अप्तेजवायुपृथिवीगगनं च सर्वात्
तान् बोधिचित्तसदृशान् विपुलान् नमामः ॥ २०७ ॥

जो रूप वेदना-संज्ञा-संस्कार, विज्ञान आयातन षड् इन्द्रिय, जल-तेज-वायु-पृथिवी-आकाश स्वरूप हैं उन बोधि चित्त सदृश विपुल तथागतों को हम नमस्कार करते हैं।

यन्मोह द्वेष तथ राग सवज्रधर्मान्
विद्याप्रयोगजनितान् सततं प्रधर्मान्।
नानाविचित्ररति विह्वलभावभूतान्
तान् बोधिचित्तसदृशान् विपुलान् नमामः ॥ २०८ ॥

जो मोह, द्वेष, राग, वज्रधर्म सहित विद्याप्रयोगों से उत्पन्न हैं, निरन्तर प्रकृष्ट धर्मों को नाना विचित्र रति से विह्वल भावयुक्त, उन बोधिचित्त सदृश, विपुल स्वरूप युक्त तथागतों को नमस्कार करते हैं।

संग्राहणं रति तथ कृतिनिश्चलं च
हेतुफलप्रकृतिचित्तगतानुधर्मान्।
भ्रम दोष राग तथ आवरणञ्च वज्रान्
तान् बोधिवज्र सदृशान् विपुलान् नमामः ॥ २०९ ॥

रति का संग्रहण, कृति की निश्चलता और हेतुफल प्रकृति चित्तगत धर्मों के भ्रम, दोष राग और आवरणों के जो भी विकार हैं उन्हें नष्ट करने वाले उन बोधिवज्र सदृश, विपुल तथागतों को नमस्कार हैं।

ध्यायन्ति ये इमु विशुद्धमनादिभावं
प्रज्ञा-उपायजनितं विगतोपमं च।
गुह्याभिषेकव्रतसम्बरयोगनित्यं
तान् बोधिवज्र इव लक्ष्य सदा नमामः ॥ २१० ॥

जो इस विशुद्ध स्वभाव-अनादि भाव एवं प्रज्ञा-उपाय-उत्पन्न उपमा रहित गुह्याभिषेक व्रत सम्बर योग नित्य को जो बोधिवज्र के तरह लक्षिण होते हैं उन्हें सदैव नमस्कार करते हैं।

ये भावयन्ति इमु उत्तमसिद्ध्युपायं
सेवाविधानमुपसाधनसाधनेन।
ये महासाधनमतिनिश्चितसाधकेन्द्रा-
स्तान् बोधिवज्र इव लक्ष्य सदा नमामः ॥ २११ ॥

जो इस उत्तम सिद्धि के उपायभूत सेवाविधान को उपसाधन और साधनों से सुवेवित करते हैं और महासाधन के लिए निश्चयदृढ संकल्प युक्त होकर साधकों के इन्द्र के रूप में अवस्थित हैं और बोधिवज्र के तरह लक्षित होते हैं उन्हें हमेशा हम नमस्कार करते हैं।

ये साधयन्ति कृतसन्ध्यचतुष्कवज्रै-
रन्तर्हितादि विविधानिह हीनसिद्धीन्।
अविनष्टमार्ग इमु बुद्धगुरुप्रसादै-
स्तान् बोधिवज्र इव लक्ष्य सदा नमामः ॥ २१२ ॥

जो किए हुए चार सन्ध्या वज्रों के द्वारा अन्तर्हित - विविध हीनसिद्धियों को सिद्ध करते हैं, जिनके मार्ग अविनष्ट हैं बुद्धगुरु के कृपा से उन बोधिवज्र के तरह तथागतों को हम नमस्कार करते हैं।

श्रृण्वन्ति ये इमु समाजसुगुह्यतन्त्रं
स्वाध्यां करोन्ति च पठन्ति च चिन्तयन्ति।
पूजां करोन्ति च लिखन्ति च लेखयन्ति
तान् बोधिवज्र इव लक्ष्य सदा नमामः॥ २१३ ॥

जो इस अत्यन्त गोपनीय गुह्य समाज का श्रवण करते हैं, जो इसका स्वाध्याय करते हैं, पढ़ते हैं और चिन्तन भी करते हैं, पूजा करते हैं लिखते है और लिखाते हैं उन बोधिवज्र के तरह दिखने वाले तथागतों को हम नमस्कार करते हैं।

स्वाध्यां च ये इमु अभियुक्तसुसाधकेन्द्राः
शान्त्यादिकर्मप्रसरेण सुकल्पितेन।
यन्त्रेण मन्त्रविदितेन तथ मुद्रितेन
तान् बोधिवज्र इव लक्ष्य सदा नमामः ॥ २१४ ॥

इस ग्रन्थ का जो स्वाध्यायपूर्वक साधना करते हैं अपने हृदय में रखकर और शान्ति आदि कर्मों में सुसंकल्प पूर्वक यन्त्र एवं मन्त्रों द्वारा तथा मुद्रा आदि के द्वारा भी उन बोधिसत्त्व सदृश तथागतों को हम नमस्कार करते हैं।

ये देशयन्ति च स्पृशन्ति च संस्मरन्ति
श्रृण्वन्ति साधकविभोः खलु नाममात्रम्।
श्रद्धां करोन्ति च वसन्ति च एकदेशे
तान् बोधिवज्र इव लक्ष्य सदा नमामः ॥ २१५ ॥

जो इस ग्रन्थ की देशना करते हैं, स्पर्श करते हैं, स्मरण करते हैं, सुनते हैं, इस साधना के रहस्य का नाम मात्र भी लेते हैं, श्रद्धा करते हैं, उसके समीप में बैठते हैं, उन्हें हम, बोधिसत्त्व के तरह मान कर नमस्कार करते हैं।

एभिः स्तोत्रपदैः शान्तैस्तनुयात् सर्वनायकान्।
अनुमोदयन्ति ते नाथा बोधिसत्त्वा महामहाः ॥ २१६ ॥

इन शान्त स्तोत्रों के पदों से सभी नायकों को नमस्कार करें, उन्हें वे नाथ, बोधिसत्त्व कृपा करते हैं।

सुभाषितमिदं तन्त्रं सर्वतन्त्राधिपं परम्।
सर्वताथागतं गुह्यसमाजं गुह्यसम्भवम् ॥ इति ॥ २१७ ॥

सभी तन्त्रों में अधिप - राजा के तरह उत्तम तन्त्र का अच्छे से उपदेश - भाषित = वाग्व्यवहार किया गया है। यही सर्वतथागत गुह्य है, यही गुह्य समाज है यही गुह्य सम्भव भी है। इति।

इदमुक्त्वा ते सर्वतथागतास्ते च बोधिसत्त्वा महासत्त्वाः स्वकायवाक्चित्तवज्रेषु विहरन्तं कायवाक्चित्तवज्रस्य कायवाक्चित्तं स्वकायवाक्चित्तेनालम्ब्य तूष्णीमभूवन् ॥ इति ॥

इस प्रकार कहकर वे सभी तथागत, बोधिसत्त्व एवं महासत्त्व अपने कायवाक्चित्त वज्रों में विहार करने वाले कायवाक्चित्त वज्र के कायवाक्चित्त को अपने कायवाक्चित्तों के द्वारा अवलम्बित = ग्रहणकर = एकाकार होकर मौन हो गए।

इति श्रीसर्वतथागतकायवाक्चित्तरहस्यातिरहस्ये गुह्यसमाजे महागुह्यतन्त्रराजे सर्वगुह्यनिर्देशवज्रज्ञानाधिष्ठानं नाम पटलोऽष्टादशः ॥
॥ समाप्तोऽयं श्रीगुह्यसमाजस्य तन्त्रराजस्य पूर्वार्द्धकायः ॥

अष्टादश पटल पूर्ण हुआ ।

गुह्य समाज तन्त्र पूर्ण हुआ।

सन्दर्भग्रन्थ सूची

१- अश्वघोष, **बुद्धचरितम्**, वाराणसी : चौखम्बा विद्या भवन, २००४ ।

२- अश्वघोष, **सौन्दरनन्द**, वाराणसी : चौखम्बा विद्या भवन, २००४ ।

३- असंग एवं मैत्रेयनाथ, **महायानसूत्रालङ्कारः**, वाराणसी : बौद्ध भारती, १९८५ ।

४- आप्टे, वामन शिवराम, **संस्कृत-हिन्दी कोश**, नई दिल्ली : मोतीलाल बनारसीदास, १९६६ ।

५- उपाध्याय, बलदेव, **बौद्धदर्शन मीमांसा**, वाराणसी : चौखम्बा विद्या भवन, पञ्चम संस्करण, १९९९ ।

६- उपाध्याय, भरतसिंह, **बौद्धदर्शन तथा अन्य भारतीय दर्शन**, नई दिल्ली : मोतीलाल बनारसीदास, १९८१ ।

७- कमलशील, **प्रज्ञापारमिता वज्रच्छेदिका टीका**, वाराणसी : केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा-संस्थान, १९९० ।

८- गपि, यशोविजय, **जैन तर्क भाषा**, अहमदाबाद : सरस्वती पुस्तक भण्डार, १९३८ ।

९- गुप्त, मोक्षाकर, **बौद्ध तर्क भाषा**, वाराणसी : प्राच्य विद्या संस्थान, १९८५ ।

१०-चन्द्रकीर्ति, **प्रसन्नपदा**, वाराणसी : बौद्ध भारती, १९८३ ।

११- चन्द्रधर शर्मा (सं०), **सौगत सिद्धान्तसारसंग्रह**, वाराणसी : चौखम्बा विद्या भवन, १९५४ ।

१२- त्रिपाठी, रामशंकर, **सौत्रान्तिक दर्शनम्**, वाराणसी : केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा-संस्थान, १९९० ।

१३- त्रिपाठी, रामशंकर, **बौद्धदर्शन प्रस्थान**, वाराणसी : केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा-संस्थान, १९९७ ।

१४- दिङ्नाग, **प्रज्ञापारमिता पिण्डार्थः**, दरभंगा : मिथिला विद्यापीठ, १९६० ।

१५- दिव्यवज्र वज्राचार्य (अनु०), **सद्धर्मलंकावतारसूत्रम्**, ललितपुर : लोटस रिसर्च सेन्टर, १९९३ ।

१६- द्वारिकादास शास्त्री (सं०), **अपोहवादः**, वाराणसी : बौद्ध भारती, १९९२ ।

१७- धर्मकीर्ति, **प्रमाणवार्त्तिक**, वाराणसी : चौखम्बा विद्या भवन, १९९४ ।

१८- धर्मकीर्ति, **न्याय बिन्दु**, वाराणसी : बौद्ध भारती, १९८४ ।

१९- नागार्जुन, **मध्यमकशास्त्रम्**, वाराणसी : बौद्ध भारती, १९८३ ।

२०- नागार्जुन, **विग्रहव्यावर्तनी**, वाराणसी : बौद्ध भारती, १९८४ ।
२१- न्यौपाने, काशीनाथ, **बौद्धागमरहस्यम्** (अप्रकाशित)
२२- न्यौपाने, काशीनाथ, **मीमांसा पदार्थ विज्ञानम्** , वाराणसी : दिलीपकुमार पब्लिशर्स, १९९४ ।
२३- न्यौपाने, काशीनाथ, **लाहिडी क्रियायोग संहिता**, वाराणसी : सत्यलोक, २००५ ।
२४- नरेन्द्रदेव, **बौद्ध धर्मदर्शन**, पटना : बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, १९७१ ।
२५- परशुराम वैद्य (सं०), **अष्टसाहस्त्रिका प्रज्ञापारमिता**, दरभंगा : मिथिला विद्यापीठ, १९६० ।
२६- पेमा तेन्जिङ्ग (सं०), **प्रज्ञापारमिता वज्रच्छेदिकासूत्रम्**, वाराणसी : केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा-संस्थान, १९९४ ।
२७- परशुराम वैद्य (सं०), **प्रज्ञापारमिता हृदयसूत्रम्**, दरभंगा : मिथिला विद्यापीठ, १९६० ।
२८- पाण्डेय, गोविन्द चन्द्र, **बौद्ध धर्म के विकास का इतिहास**, लखनऊ : हिन्दी समिति, १९७६ ।
२९- प्रधान, भुवनलाल, **नेपालमा बौद्धधर्म**, काठमांडु : नेपाल राजकीय प्रज्ञा प्रतिष्ठान, १९८८ ।
३०- बुद्धघोष, **विशुद्धिमग्गो**, महाराष्ट्र : विपश्यना विशोधन विन्यास, १९९८ ।
३१- मल्लिषेण, **स्याद्वादमञ्जरी**, गुजरात : श्रीपरमश्रुतप्रभावकमण्डल, १९९२ ।
३२- **महावग्गो**, महाराष्ट्र : विपश्यना विशोधन विन्यास, १९९८ ।
३३- मिश्र, विरेन्द्रप्रसाद, **दर्शनशास्त्र : एक परिचय**, काठमांडु : श्रीमती श्यामा मिश्र, १९८३ ।
३४- मिश्र, ज्ञानश्री, **निबन्धावली**, पटना : काशी प्रसाद जायसवाल शोध संस्थान, १९८७ ।
३५- मैत्रेयनाथ, **अभिसमयालङ्कारकारिका**, दरभंगा : मिथिला विद्यापीठ, १९६० ।
३६- राधेश्यामधर द्विवेदी (सं०), **बौद्ध विज्ञानवाद : चिन्तन एवं योगदान**, वाराणसी : केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा-संस्थान, १९८३ ।
३७- वसुबन्धु, **अभिधर्मकोश**, इलाहाबाद : हिन्दुस्तानी एकेडेमी, १९८४ ।
३८- वसुबन्धु, **विज्ञप्तिमात्रतासिद्धिः**, वाराणसी : सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, १९९२ ।
३९- शर्मा, चन्द्रधर, **बौद्धदर्शन और वेदान्त**, इलाहाबाद : विजन विभूति प्रकाशन, १९८६ ।
४०- शान्तिदेव, **बोधिचर्यावतारः**, वाराणसी : बौद्ध भारती, १९८८ ।

४१- सिंह, अमर, **अमरकोशः**, काठमांडु, रत्न पुस्तक भण्डार, २००८ ।
४२- स्थिरमति, **विज्ञप्तिमात्रतासिद्धिः स्थिरमतिभाष्य**, वाराणसी : सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, १९९२ ।
४३- हरिभद्र, **अष्टसाहस्त्रिका आलोकटीका**, दरभंगा : मिथिला विद्यापीठ, १९६० ।
४४- हरिभद्र, **षड्दर्शन समुच्चय**, वाराणसी : चौखम्बा विद्या भवन, १९७६ ।
45. Akira Hirakawa, *A History of Indian Buddhism*, Delhi: Motilal Banarsidass, 1993.
46. Bapat, P.V., *2500 Years of Buddhism*, Delhi: Ministry of Information and Broadcasting, 1956.
47. Bapat, and Chatterjee, *An Introduction to Indian Philosophy*, Calcutta: University of Calcutta, 1984.
48. Dasgupta, S.N., *A History of Indian Philosophy*, Delhi: Motilal Banarsidass, 1973.
49. Gellner, David N, *Monk, Householder and Tantric Priest*, Delhi: Cambridge University Press, 1992.
50. Kewal Krishan Mittal (Editor), *Vijnanavada (Yogachar) and its Tradition*, Delhi: Motilal Banarsidass, 1993.
51. Murti, T.R.V., *Central Philosophy of Buddhism*, Delhi: Motilal Banarsidass, 1954.
52. Pandey, G.C., *Studies in Mahayana*, Varanasi: Central Institute of Higher Tibetan Studies, 1993.
53. Takakusu, Junjiro, *The Essentials of Buddhist Philosophy*, Delhi: Motilal Banarsidass, 1949.
54. Wayman, Alex, *Buddhist Insight*, Delhi: Motilal Banarsidass, 1984.

Other books of related interest
published by us:

1. ***A Concise Dictionary of Indian Philosophy*** by *John Grimes*
2. ***The Aphorisms of Siva*** trans. with exposition and notes by *Mark S.G. Dyczkowski*
3. ***A Journey in the World of the Tantras*** by *Mark S.G. Dyczkowski*
4. स्पन्दप्रदीपिका ***Spandapradīpikā*** (Sanskrit) — A Commentary on the Spandakārikā by Bhagavadutpalācārya Edited by *Mark S.G. Dyczkowski*
5. ***Vijnana Bhairava : The Practice of Centring Awareness*** trans. and commentary by *Swami Lakshman Joo*
6. ***Abhinavagupta's Commentary on the Bhagavad Gita : Gītārtha Saṁgraha*** trans., introd. & notes by *Boris Marjanovic*
7. ***Stavacintāmaṇi*** of Bhaṭṭa Nārāyaṇa with the Commentary by Kṣemarāja स्तवचिन्तामणि: Translated from Sanskrit with Introduction and Notes by *Boris Marjanovic*
8. ***Aspects of Tantra Yoga*** by *Debabrata SenSharma*
9. ***An Introduction to the Advaita Saiva Philosophy of Kashmir*** by *Debabrata SenSharma*
10. आगम-संविद् ***Āgama-Saṁvid*** (Sanskrit) डॉ० कमलेश झा
11. ***The Khecarīvidyā of Ādinātha*** : A critical edition and annotated translation of an early text of ***haṭhayoga*** by *James Mallinson*

12. ***Shaivism in the Light of Epics, Puranas and Agamas*** by N.R. Bhatt
13. ***The Hindu Pantheon in Nepalese Line Drawings*** : Two Manuscripts of the Pratiṣṭhālakṣaṇasārasamuccaya compiled by *Gudrun Buhnemann*
14. ***Selected Writings of M.M. Gopinath Kaviraj***
15. शिव-संबोध और गंगा प्रतीक - डॉ० रमाकान्त पाण्डेय
16. ***Śrī Tantrālokaḥ*** (Sanskrit Text with English Translation) (3 vols.) by *Gautam Chatterjee*
17. ***Fundamentals of the Philosophy of Tantras*** by *Manoranjan Basu*
18. ***Yantra Images*** Compiled and edited by *Dilip Kumar*
19. ***White Shadow of Consciousness***: Recognition of the actor by *Gautam Chatterjee*
20. ***The Stanzas on Vibration*** by *Mark S.G. Dyczkowski*

डॉ० काशीनाथ न्यौपाने संस्कृत वाङ्मय के विशिष्ट साधक हैं। इन्होने वाराणसी में रहकर प्रसिद्ध विद्वान् स्वामी योगीन्द्रानन्द जी के सान्निध्य में वेदान्त, न्याय, मीमांसा, बौद्धदर्शन, बौद्धतन्त्र, शैवदर्शन, शाक्ततन्त्र, पालि, प्राकृत एवं जैन दर्शन का गहन अध्ययन किया है। सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय से पूर्वमीमांसा एवं बौद्धदर्शन में स्वर्णपदक सहित आचार्य करने के बाद विद्यावारिधि उपाधि प्राप्त किया है।

संस्कृत लेखन में सिद्धहस्त डॉ० न्यौपाने द्वारा लिखित मीमांसा पदार्थ विज्ञानम्, मीमांसातर्कभाषा, मीमांसानयभूषनम्, बौद्धदर्शनभूमिः, बौद्धप्रमाणशास्त्रम्, वज्रयानमहाशास्त्रम्, सौत्रान्तिकदर्शनम्, वज्रयोगसाधना, बौद्धागमरहस्यम्, दर्शनसंदोहः, तारिणीवरिवस्या, लाहिडी क्रियायोग संहिता आदि मौलिक कृतियाँ संग्रहणीय ग्रन्थ के रूप में प्रसिद्ध हैं जो विभिन्न विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में भी निर्धारित हैं।

नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व रिसर्च डाइरेक्टर डॉ० न्यौपाने सम्प्रति नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय, काठमाण्डु में बौद्धदर्शन विभाग में कार्यरत हैं।

ISBN 818611710-5
9788186117101

₹ 325.00